
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22


# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच


आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 341 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 23 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### ईवीएम को लेकर समझ नहीं आता ईसी का जुनून, कांग्रेस सांसद ने फिर की बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 2024 के चुनावों को लेकर सरगर्मियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। इस बीच कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने अगले लोकसभा चुनाव में बैलट पेपर के इस्तेमाल के लिए आवाज उठाई है। साथ ही उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ अपनी बात भी रखी है।

#### क्या बोले कांग्रेस सांसद?

मनीष तिवारी ने कहा, लोकतंत्र तकनीक के भरोसे छोड़े जाने के मुकाबले काफी कीमती है। सवाल यह नहीं है कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। लेकिन पेपर बैलट पर वापस जाने के लिए काफी वजहें हैं। एक सीधी सी वजह यह है कि एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) असल में है तो मशीन ही। और अन्य मशीनों की तरह ही इसके साथ भी छेड़छाड़ हो सकती है, इसे हैक किया जा सकता है। इसके काम को बाधित किया जा सकता है, इससे खेला जा सकता है। मनीष तिवारी ने आगे कहा, मुझे ईवीएम को लेकर भारत के निर्वाचन आयोग का वह पितृसत्तात्मक जुनून समझ नहीं आता। यहां तक कि वह देश, जहां पहले ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता था, वहां भी अब वापस पेपर बैलट से ही चुनाव होते हैं। सीधा सा कारण यही है कि उनसे छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। इसलिए इन हालात में 2024 के चुनाव पेपर बैलट से ही होने चाहिए।

#### ईवीएम पर पहले भी सवाल उठा चुकी है कांग्रेस

गौरतलब है कि कांग्रेस ने इससे पहले भी कई बार ईवीएम से चुनाव कराने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। इसी साल कर्नाटक में चुनाव के लिए ईवीएम के इस्तेमाल पर पार्टी ने नाराजगी जताते हुए कई आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं कांग्रेस ने कर्नाटक में इस्तेमाल हो रहीं मशीनों के पहले दक्षिण अफ्रीका में प्रयोग करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया था। इससे पहले 2019 के आम चुनाव से पहले भी कांग्रेस ने बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग उठाई थी।

### आतंक पर वारः आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की प्रॉपर्टी सील, एनआईए ने की कार्रवाई

**चंडीगढ (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को आतंकी और प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ स्थित कोठी को सील कर दिया। इसके अलावा अमृतसर में भी उसकी प्रॉपर्टी को जब्त कर लिया गया है। चंडीगढ़ के सेक्टर 15 स्थित कोठी नंबर-2033 पन्नू का आवास है। एनआईए की टीम ने कोठी के बाहर नोटिस लगा दिया है। इसके अलावा अमृतसर में गांव खानकोट में पन्नू की कृषि भूमि को भी जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई एनआईए टीम मोहाली के आदेश पर की गई है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में इन दिनों भारत-कनाडा के बीच तल्खी बढ़ रही है। आतंकी गुरपतवंत पन्नू ने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को कनाडा छोड़ने की धमकी दी थी। पन्नू इस समय अमेरिका में रहता है।

# परिवर्तन यात्रा ने रोकी दूसरी सूची भाजपा को सताया बगावत का डर




### दिख सकता है महिला आरक्षण बिल का असर

छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने पहली सूची में कुल 21 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए थे। इनमें 5 सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारे गए हैं। जब पहली सूची तैयार की गई थी, तब तक पार्टी का ध्यान महिला आरक्षण बिल की ओर नहीं था। लेकिन हाल ही में जिस तरह से सदन के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दिलाने और श्रेय लेने की कोशिशें हुई है, उसके बाद संभावना जताई जा रही है कि भाजपा की दूसरी सूची में महिला आरक्षण बिल का कुछ पुट दिख सकता है। मसलन, दुर्ग जिले की दो सीटों दुर्ग ग्रामीण व दुर्ग शहर से भाजपा में महिला दावेदारों के नाम प्रमुखता से सामने आए थे, लेकिन बताया गया कि दोनों में से किसी एक सीट पर ही महिला प्रत्याशी उतारा जाएगा। अब महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद दोनों सीटों के लिए संभावनाएं बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि पहली सूची में भाजपा ने भटगांव से लक्ष्मी राजवाडे, प्रतापपुर से शकुंतला सिंह पोर्थे, सरायपाली से सरला कोसरिया, खल्लारी से अलका चंद्राकर व खुज्जी से गीता घासी साहू को प्रत्याशी बनाया है।

### दूसरी सूची में दुर्ग संभाग से 10 प्रत्याशी!

जानकारियों के मुताबिक, दूसरी सूची में 32 प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। इसमें बस्तर, बिलासपुर संभाग की पांच, सरगुजा की सात, रायपुर संभाग की छह और दुर्ग संभाग की दस सीट हैं। इस सूची में मंत्रियों की विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। बता दें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 21 प्रत्याशी घोषित करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेताओं ने दावा किया था कि सितंबर के पहले सप्ताह तक भाजपा की दूसरी सूची आ जाएगी। लेकिन भाजपा की सूची में केंद्रीय संगठन का पेंच फंस गया। प्रदेश संगठन की तरफसे भेजी गई सूची को लेकर केंद्रीय संगठन ने एक बार फिर खोजबीन शुरू की है। बताया जाता है कि भाजपा में हाल-फिलहाल शामिल होने वाले कई चेहरों को टिकट मिलना पूरी तरह से तय है। इनमें एक पूर्व आईएएस, सतनामी समाज के एक प्रतिनिधि, जोगी कांग्रेस से आने वाले एक विधायक समेत एक-दो और नाम हैं।

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क


**भिलाई।** भाजपा की दूसरी सूची परिवर्तन यात्रा के बाद आएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसके स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। दरअसल, चुनाव तैयारियों के बीच भाजपा इन दिनों दो-दो परिवर्तन यात्राएं निकाल रही है। इन यात्राओं को छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरना है। पार्टी को डर है कि प्रत्याशी घोषित करने की स्थिति में टिकट की दावेदारी करने वाले लोग परिवर्तन यात्रा से छिटक सकते हैं या यात्रा के दौरान विरोध या शक्ति-प्रदर्शन कर सकते हैं। इन्हीं हालातों से बचने के लिए भाजपा ने फिलहाल दूसरी सूची रोक दी है। पार्टी ने पहली परिवर्तन यात्रा 12 सितम्बर को दंतेवाड़ा से प्रारम्भ की थी। वहीं दूसरी यात्रा सरगुजा से 16 सितम्बर को शुरू हुई। दोनों यात्राएं बिलासपुर में 28 सितम्बर को समाप्त होगी। इसके बाद ही पार्टी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करेगी।

परिवर्तन यात्रा के समापन अवसर पर बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम रखा गया है। पार्टी को उम्मीद है कि मोदी के आने से राज्य में अच्छा चुनावी माहौल बनेगा। इससे कार्यकर्ता भी चार्ज होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को चुनावी रणनीति पर चर्चा की थी। माथुर ने चुनावी टिकट वितरण को लेकर चर्चा की। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन के बाद भाजपा की अगली सूची जाएगी। अभी तक भाजपा ने 21 विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशियों का नाम घोषित किए है। बैठक में प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी नितिन नबीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल व अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक में 28 सितंबर को प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई । इसके अलावा परिवर्तन यात्रा में लोगों के मिल रहे फीडबैक पर भी पार्टी ने अपनी रणनीति बनाई। माथुर ने आदर्श आचार संहिता लगने से पहले उन तमाम गतिविधियों को तेज करने के निर्देश दिए हैं जिससे पार्टी की सत्ता वापसी हो सके। खासकर मतदाताओं तक संपर्क अभियान को बढ़ाने पर भी जोर देने को कहा गया है।

### कांग्रेस ने भी सख्त किए तेवर

इधर, बगावत, विरोध या भीतरघात जैसी स्थितियों से बचने के लिए कांग्रेस ने भी अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। कल कांग्रेस अनुशासन समिति की हुई बैठक में पार्टी विरोधी रूख अख्तियार करने वालों पर सख्त कार्यवाही की हिदायत और चेतावनी दी गई। तय किया गया कि चुनाव के दौरान बगावती तेवर दिखाने वाले नेता अथवा कार्यकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही होगी। बताते हैं कि अनुशासन समिति की इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने स्पष्ट कहा कि जो भी पार्टी लाइन से हटकर काम करेगा, उसके खिलाफ तत्काल एक्शन लिया जाएगा। यह नहीं देखा जोगा कि बगावत करने वाला छोटा कार्यकर्ता है या बड़ा नेता। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जो भी नेता टिकट नहीं मिलने के बाद बयानबाजी करे, उन पर भी तत्काल कार्रवाई हो। पहली बार समझाइश दी जाए उसके बाद भी अगर कोई नेता बगावत करे तो उसे तुरंत नोटिस देकर सस्पेंशन तक की कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के कुछ नेताओं खुलकर पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला था। रायपुर के एक पार्षद नागभूषण राव को इसी वजह से कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया था। वहीं बेमेतरा में तो एक पुराने कांग्रेस नेता सौरभ निर्वाणी को पार्टी से निकाल भी दिया गया था।

## एक और पुल धंसा, तेज बहाव में सात खंभे ने जगह छोड़ी, आवागमन कराया गया बंद



**जमुई (एजेंसी)।** जमुई में बरनार नदी पर बना सोने-चुरहेत काजवे पुल अचानक धंस गया। पानी की तेज बहाव के कारण पुल का तीन से दस नंबर पिलर (खंभा) क्षतिग्रस्त होकर धंस गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुल धंसने की खबर से सुन इलाके के लोग यहां पहुंचे। इसके बाद प्रशासन को जानकारी दी। प्रशासन फौरन पहुंची और आवागमन पर रोक लगा दिया। फिलहाल पुल के दोनों छोर पर बैरिकैडिंग कर दी गई है। आवागमन ठप होने के कारण कई गांव के लोगों का शहर से संपर्क टूट गया है।

### प्रशासन ने परिचालन पर पूरी तरह से लगा दिया रोक

प्रशासन के अनुसार, लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर उफान पर है। पानी की तेज बहाव के कारण पुल धंस गया। यह पुल सोनो प्रखंड मुख्यालय को पश्चिम क्षेत्र से जोड़ती है। इससे आसपास के कई गांव का संपर्क टूट गया। वही पुल धंसने ने की सूचना पर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंची और एहतियात बरतते हुए सोनो चुरहेत काजवे मार्ग पर परिचालन को पूरी तरह रोक दिया गया। पुल के दोनों और बेरिकेडिंग कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि पुल की मरम्मती का काम जल्द से जल्द करवाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ग्रामीण परेशान, मुख्यालय जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते थे

स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुवार से मूसलाधार बारिश हो रही है। पानी के तेज बहाव के कारण बरनार नदी पर बना सोनो चुरहेत काजवे पुल का तीन से 10 पिलर नदी में धंस गया है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार व एसआई विपिन कुमार पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। इन्होंने क्षतिग्रस्त काजवे पुल का मुआयना किया। इसके बाद पुल पर परिचालन पूरी तरह बंद कर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस पुल से कई गांवों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। काजवे, चुरहेत समेत अन्य गांवों के लोग प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते है। कई छोटे और बड़े वाहनों का भी परिचालन लगा रहता है। लेकिन पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यहां के ग्रामीणों को अब काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## आईईडी ब्लास्ट में घायल हुआ डीआरजी जवान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर ।** बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र के दुरधा के जंगल मे शुक्रवार को आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से डीआरजी जवान घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल साथियों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया। जवान की हालत को देखते हुए उसे मेकाज जगदलपुर रेफर किया गया। जहां जवान की हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को डीआरजी जवानों की टीम बीजापुर की टीम जांगला व नैमेड थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव कैका, दुरधा व मोसला की तरफ नक्सल विरोधी अभियान पर निकली हुई थी। सर्चिंग से वापसी के दौरान दोपहर एक बजे के करीब दुरधा के जंगल में आईईडी ब्लास्ट होने से आरक्षक सन्नू हेमला 45 वर्ष इसकी चपेट में आकर घायल हो गया। घायल जवान सन्नू हेमला को बेहतर इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से जवान की हालत को देखते हुए उसे मेकाज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे जगदलपुर लाया गया, जहां से जवान को बेहतर उपचार के लिए एसआईसीयू में भर्ती किया गया। शनिवार की सुबह 8.49 बजे उसे मेकाज से एंबुलेंस के माध्यम से उसे एयर पोर्ट ले जाया गया।

## झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त नदी-नाले उफान पर, प्रशासन अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में बारिश कहर बरपा रही है। कई जिलों में झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते एक हफ्ते पहले कई इलाकों में हुई बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ के हालात थे, अब फिर से ऐसे ही हालात बन रहे है। बारिश को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इस मानसून पूरे जिले में औसतन 882.4 मिमी बारिश हो चुकी है। कई जिलों में लगातार बारिश होने से धान के खेत में पानी भर गया। बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

छत्तीसगढ़ के अधिकांश ग्रामीण व शहरी इलाकों में बारिश का पानी पुल के ऊपर चढ़ गया है, बावजूद क्षेत्र के लोग जान-जोखिम में डालकर आवागमन करते नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षागत दृष्टिकोण से कोई इंतजाम नहीं किया गया है। इसके अलावा जिले के शिवनाथ, सकरी, फोक नदी समेत डोठू नाला के किनारे बसे गांव के लोग बारिश के चलते अब परेशान हैं। क्योंकि, इन इलाकों में बीते दिनों बाढ़ का पानी घुस गया था, जिसके कारण प्रशासन को इन लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया था।

## आत्मानंद में अब नीट और जेईई की फ्री कोचिंग

श्रीकंचनपथ




अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालयों के बाद अब शासन आत्मानंद कोचिंग शुरू करने जा रही है। सोमवार 25 सितम्बर से इस योजना पर काम शुरू हो जाएगा। 10वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विज्ञान और गणित विषय के विद्यार्थियों को योजना के तहत नीट और आईआईटी-जेईई परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसकी कक्षाएं विषय विशेषज्ञ हाइब्रिड मोड में लेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी घोषणा स्वतंत्रता दिवस पर ही कर दी थी। अब इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' के तहत राज्य के 146 विकासखण्ड मुख्यालयों में बीआरसीसी केन्द्र या इसके नजदीक हायर सेकेण्डरी स्कूल में ऑनलाइन क्लासेस होंगी। इसके अलावा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा में (सीआरसी) संचालित किए जाएंगे। कोचिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के जरिए छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम से चयनित संस्था की ओर से दी जाएगी। राज्य शासन चाहता है कि राज्य के होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शासकीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिले ताकि वे वाजिब खर्च पर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। दरअसल, यह राज्य शासन की मजबूरी है। देश में जब से प्रवेश परीक्षाओं का दौर शुरू हुआ है स्कूली शिक्षा के प्राप्तांकों का अर्थ खत्म सा हो गया है। बच्चे वहां भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और फिर उच्च शिक्षा के संस्थानों में प्रवेश के लिए अलग से संघर्ष कर रहे हैं। ये परीक्षाएं इतनी अलग है कि 10वीं 12वीं में टॉप करने वाले भी बिना विशेष तैयारी के इन परीक्षाओं को क्रैक नहीं कर पाते। कुछ बच्चे तो इन परीक्षाओं की तैयारी में दो-दो तीन-तीन साल निकाल देते हैं। शासन जानता है कि बच्चों को केवल गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें उत्कृष्ट महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाना भी जरूरी है। योजना के प्रारंभ होने के बाद राज्य में मुफ्त कोचिंग प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या 14 हजार से भी अधिक हो जाएगी। मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलने के कारण इन बच्चों की सफलता का प्रतिशत भी अधिक रहने की ही संभावना है। वैसे प्रवेश परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग प्रारंभ करने वाला छत्तीसगढ़ कोई पहला राज्य नहीं है। देश के अनेक राज्यों में यूपीएससी, पीएससी आदि की निःशुल्क कक्षाएं सरकार की तरफ से लगाई जाती हैं। पर ऐसे संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रवेश मेरिट के बजाय मीन्स के आधार पर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ उन बच्चों पर मेहनत करना चाहता है जो मेधावी हैं। जिन्हें केवल कोचिंग में मदद की जरूरत है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में पहले भी ऐसे प्रयोग हुए हैं और वे बेहद सफल रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि स्वामी आत्मानंद कोचिंग के भी सुखद परिणाम आएंगे। साधन विहीन मेधावी आईआईटी, एनआईटी, एम्स जैसी संस्थाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। आगे चलकर ये बच्चे सरकारी संस्थानों में अपनी सेवाएं देने के लिए भी प्रेरित होंगे।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### बिगड़े बोल पर लगाम

चुनावी गरमी जैसे-जैसे बढ़ रही है, नेताओं की भाषा भी उग्र और बेलिहाज होती जा रही है। शुक्रवार को जहां लोकसभा अध्यक्ष ने एक सांसद के बिगड़े बोल पर घोर आपत्ति जताई, वहीं तमिलनाडु के एक मंत्री से देश के सर्वोच्च न्यायालय ने जवाब-तलब कर लिया। जिम्मेदार संस्थाओं और जिम्मेदार लोगों को निंदनीय बयानों का संज्ञान तो लेना ही पड़ेगा, अगर नेताओं को गलत बोलने से नहीं रोका जाएगा, तो इससे देश में आम बोलचाल का स्तर भी दिनोंदिन गिरता चला जाएगा। आज अगर हम सोशल मीडिया पर बहुधा इस्तेमाल होने वाली भद्दी भाषा को लेकर चिंतित हैं, तो इसके लिए हमारे देश के नेता भी जिम्मेदार हैं। क्या यह दुखद और शर्मनाक नहीं है कि संसद में किसी नेता को किसी धर्म के आधार पर आतंकी बता दिया जाए? क्या संसद में जिसे जो मन में आएगा, वही बोलना शुरू कर देगा? बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखित रूप से शिकायत करके बिल्कुल सही किया है। दूसरी ओर, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी करके भी एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। माननीय जनप्रतिनिधियों को गलत बयानी से बाज आना चाहिए। संसद के अंदर अपशब्द कहना या किसी सांसद को आतंकवादी कहने की सजा अधिकतम ही होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई सांसद ऐसी हिमाकत न करे। बेहिचक कहना चाहिए, ऐसी भाषा या ऐसे असंसदीय प्रहार पर जो सांसद हंस रहे थे या जो सांसद खामोश थे, उन्हें भविष्य में ऐसे ही शब्द-वाणों के लिए तैयार रहना चाहिए। जैसी ध्वनि आप उत्पन्न करते हैं, वैसी ही ध्वनि आप तक देर-सबेर पलटकर आती है। आलोचना की, और इसमें भी संसद में किसी की आलोचना की अपनी मर्यादा होनी चाहिए। हर पार्टी के दिग्गज नेताओं को यह सोचना चाहिए कि उनकी पार्टी में किस तरह की भाषा या किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है। यह मामला अगर विशेषाधिकार समिति के पास जाता है, तो मकसद सुधार का होना चाहिए। संसद में भी आजकल यह अक्सर देखा जा रहा है कि उग्र या अनुचित बोलने वाले सदस्यों को हर पार्टी आगे रखकर चलने लगी है और शालीन व संयमित बोलने वाले सांसद पीछे रखे जा रहे हैं। तभी तो बहुत बुरी भाषा में लोग नेताओं को संबोधित करने लगे हैं। अपने सम्मान की रक्षा स्वयं सांसदों को अवश्य करनी चाहिए। दूसरी ओर, तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन तो कुछ ज्यादा ही अशालीनता का परिचय दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उदयनिधि सहित तमिलनाडु सरकार को भी नोटिस दिया है। मद्रास के एक वकील की जनहित याचिका में मुख्यमंत्री के बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। किसी भी धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करना सभ्यता की किस किताब के अनुरूप है? यह कैसी धर्मनिरपेक्षता है? कभी रहा था ऐसा समाज, जिस पर पेरियार या आंबेडकर ने हमला बोला था, पर आज के नाजुक समय में राजनीतिक हमले के पुराने औजार कतई काम नहीं आएंगे। लगभग 56 साल से तमिलनाडु में लगातार शासन के बावजूद अगर द्रविड़ आंदोलन को सनातन पर हमलावर होना पड़ रहा है, तो यह केवल तरस खाने का विषय है। नफरत की ऐसी राजनीति को हर स्तर पर रोकना चाहिए।

" जैसी ध्वनि आप उत्पन्न करते हैं, वैसी ही ध्वनि आप तक देर-सबेर पलटकर आती है। आलोचना की, और इसमें भी संसद में किसी की आलोचना की अपनी मर्यादा होनी चाहिए। हर पार्टी के दिग्गज नेताओं को यह सोचना चाहिए कि उनकी पार्टी में किस तरह की भाषा या किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है।

### 2024 में क्यों नहीं?

नरेंद्र मोदी सरकार ने विधायिकाओं में महिला आरक्षण के लिए विधेयक कई अगर और मगर के साथ पेश किया है। जाहिर है, शुरुआत में इस बिल को लाने के बारे में आई खबर से पैदा हुआ उत्साह इन शर्तों को देखने के बाद ठंडा हो गया। कहा गया है कि महिला आरक्षण का प्रावधान दशकीय जनगणना होने के बाद संसदीय और विधानसभाई सीटों के होने वाले परिसीमन के उपरांत लागू किया जाएगा। दशकीय जनगणना के अब तक संपन्न ना होने के लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार जिम्मेदार है। कोरोना महामारी इसमें सिर्फ एक साल की देर का कारण बनी थी। उसके बाद पाकिस्तान सहित दुनिया के तमाम देश जनगणना करवा चुके हैं। भारत में इसे प्राथमिकता नहीं दी गई, तो यह ठोस आंकड़ों के प्रति वर्तमान सरकार के अपमान भाव का सबूत है। संसदीय सीटों का परिसीमन वैसे भी एक विवादास्पद मुद्दा बनने वाला है। परिवार नियोजन नीतियों पर जनसंख्या नियंत्रित करने वाले दक्षिणी राज्य इसका पुरजोर विरोध करेंगे, यह तय है।

चूंकि आनुपातिक रूप से उनकी जनसंख्या कम बढ़ी है, इसलिए अगर आबादी के अलावा कोई और फॉर्मूला नहीं अपनाया गया, तो लोकसभा में उनकी अपेक्षाकृत कम हो जाना निश्चित ही है। और जब तक ये दोनों प्रक्रियाएं पूरी नहीं की हो जातीं, महिला आरक्षण अधर में लटका रहेगा। इसीलिए इस मौके पर इस बिल लाने को सरकार की सुर्खियां प्रबंधित कर अपने अनुकूल जन-धारणा बना लेने की रणनीति का हिस्सा बताया गया है। बहरहाल, महिला आरक्षण के साथ कुछ बड़े सवाल भी जुड़े हुए हैं। जाहिरा तौर पर यह कदम जड़ पर मौजूद समस्या को नजरअंदाज कर फुनगियों को सजा लेने की सोच का संकेत है। महिलाएं राजनीति में आकर अपने दम पर नहीं उभर पातीं, तो उसकी वजहें भारत की सामाजिक, और आर्थिक और सांस्कृतिक माहौल में छिपी हैं। उन्हें दूर करने की योजना बनाए बगैर ऊपरी तौर पर संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधितव बढ़ाने के उपाय करना सिर्फ दिखावटी और सजावटी ही होगा। अगर साथ-साथ दोनों जगहों पर ऐसी पहल हो, भारतीय समाज में प्रगतिशील बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वरना, महिला प्रतिनिधि जारी सियासत के घेरे में ही कैद रहेंगी।

### बारीक कूटनीति का वक्त

यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा।

कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की जो प्रतिक्रिया आई है, उसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। इन तीनों देशों ने कनाडा के इस रुख में स्वर मिलाया है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत को कनाडा से पूरा सहयोग करना चाहिए। उधर इन देशों के मीडिया में कथित खालिस्तान आंदोलन का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। अखबारों में लंबी रिपोर्टें छपी हैं, जिनमें सिख समुदाय, खालिस्तान की मांग, इसके इतिहास, कनाडा के उससे संबंध आदि की विस्तार से चर्चा की गई है। उधर ब्रिटेन के अखबारों में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की कई महीने पहले हुई मौत की खबरें फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। डॉक्टरों ने तब दो टूक कहा था कि खांडा की मौत कुदरती वजहों से हुई, लेकिन अब उसके परिजनों के बिना किसी साक्ष्य के लगाए गए इन आरोपों को जगह मिल रही है कि उसकी हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ था।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने इस वर्ष हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की हुई घटनाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें परिस्थितिजन्य आधार पर कहा गया है कि यह काम खुद हिंदुत्ववादी संगठनों ने किया और उनका मकसद सामाजिक तनाव पैदा करना था। गौरतलब है कि ये तमाम देश वो हैं, जिन्होंने हाल में भारत को अपने पाले में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए रखा है।

" जस्टिन ट्रूडो के साथ मुश्किल यह है कि सरकार को सुचारु रूप से चलाने की बजाय देश का ध्यान भटकाने के लिए कभी चीन से, तो कभी भारत से कूटनीतिक संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अक्टूबर 2025 तक सत्ता में बने रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो एक कठपुतली प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में 170 सभासदों का समर्थन चाहिए।

# बिगड़ेगी बात तो जाएगी फिर दूर तलक



पुष्परंजन

बुनियादी गलती हुई थी जी-20 बैठक के दौरान। पता नहीं किसने समझा दिया कि पीएम मोदी अपने कनाडाई समकक्ष जस्टिन ट्रूडो से वन टू वन न मिलें। इन दोनों की मुलाकातें दीवान-ए-ख़ास में नहीं, दीवान-ए-आम में हुई। साइड लाइन बैठक में जस्टिन ट्रूडो उपेक्षित-सा महसूस कर रहे थे। वापसी भी अजीब-सी। विमान में ख़राबी, उसे ठीक कराया, और बेगाने से लौटकर ओटावा आ गये। अगले दिन संसद में जो बयान ट्रूडो ने दिया, उससे बात बिगड़नी ही थी। तब से 'तू सेर, तो मैं सवा सेर' चल रहा है। पिस रहे हैं दोनों तरफ़ के आम लोग, बिजनेस कम्युनिटी जिनका खालिस्तान से कोई लेना-देना नहीं उनकी हालत पूछिए। वीज़ा बंद-व्यापार ठप। जिन्हें चरमपंथ की दुकान चलानी है, उनके यहां मौजां-ही मौजां।

कनाडा के संबंध चीन से भी 2019 में बिगड़े थे। तब हुआवेई के कार्यकारी मेंग वानझोउ को कनाडाई अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। जवाब में चीन ने दो प्रमुख कनाडाई कंपनियों से कैनोला शिपमेंट को अवरुद्ध कर दिया। वह प्रतिबंध लगभग तीन साल तक चला। बात इतनी बिगड़ी कि मई, 2023 में जस्टिन ट्रूडो सरकार ने चीनी राजनयिक झाओ वेई को यह कहते हुए निष्कासित कर दिया कि वह हांगकांग में कंजर्वेटिव सांसद माइकल चोंग और उनके रिश्तेदारों को डराने की साजिश में शामिल थे। चीन चुप क्यों रहता? बदले की कार्रवाई में चीनी विदेश मंत्रालय ने शंघाई स्थित कनाडा की वाणिज्य दूत जेनिफर लिन लालोंडे को 13 मई, 2023 से पहले देश छोड़ देने के लिए कह दिया। चीन ने इस कनाडाई डिप्लोमेट पर उइगुर अलगाववादियों को उकसाने का आरोप लगाया था।

जस्टिन ट्रूडो के साथ मुश्किल यह है कि सरकार को सुचारु रूप से चलाने की बजाय देश का ध्यान भटकाने के लिए कभी चीन से, तो कभी भारत से कूटनीतिक संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अक्तूबर 2025 तक सत्ता में बने रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो एक कठपुतली प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में 170 सभासदों का समर्थन चाहिए। 2019 के आम चुनाव परिणाम के समय न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के लीडर जगमीत सिंह किंग मेकर की भूमिका में अवतरित हुए थे। उनके कहने पर ही 18 सिख सांसदों ने जस्टिन ट्रडो को प्रधानमंत्री स्वीकार किया था। 22 मार्च, 2022 को दूसरे आम चुनाव में भी यही सीन था। एक बार फिर सिख सांसदों ने ट्रूडो की कठपुतली सरकार को समर्थन दे दिया। चार साल की यह मियाद 20 अक्तूबर, 2025 को पूरी होगी।

ट्रूडो ने हालिया बयान में कहा भी था कि हम 'सप्लाई एंड कान्फिडेंस' की नीतियों के साथ एनडीपी से अपने संबंध निर्वाह कर रहे हैं। कनाडा की घरेलू राजनीति में स्थिरता के लिए सिख सांसदों का समर्थन ही एकमात्र विकल्प है। ठीक से देखा जाए तो भारतीय लोकसभा से कहीं अधिक सिख सांसद कनाडा में हैं।



लोकसभा में 13 तो कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 18 सिख सांसद हैं।

कनाडा की कुल आबादी का डेढ़ प्रतिशत सिख हैं, तो वहां सरकार उनकी न सुने, ऐसा संभव नहीं। भारत में सिखों की संख्या 1.7 प्रतिशत है। मानकर चलिये कि कुछ वर्षों में कनाडा में प्रवास करने वाले सिख भारत जितने हो जाएंगे। 18 सितंबर, 2022 को ब्रैम्टन में खालिस्तान पर रेफरंडम का आयोजन किया गया। उस मतसंग्रह में एक लाख से अधिक सिखों की हिस्सेदारी ने कई सवाल खड़े किये हैं। ट्रूडो कहते हैं, यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। वो आगे भी ऐसा करेंगे, तो हम रोकेंगे नहीं।

कनाडा में 13 लाख 75 हज़ार भारतवंशियों की आबादी में लगभग चार लाख हिंदू और पांच लाख सिख हैं, बाक़ी दूसरे मतों को मानने वाले लोग हैं। मगर, इन भारतवंशियों की वहां की राजनीति में सिखों जैसी भागीदारी नहीं है। 18 सितंबर, 2022 को खालिस्तान के वास्ते तथाकथित मतसंग्रह में एक-चौथाई से भी कम सिखों ने हिस्सा लिया। इस चर्चा पर चुप्पी लगा ली जाती है कि चार लाख प्रवासी सिखों ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखी थी। जिन एक लाख सिखों ने ब्रैम्टन के गोर मेडो कम्युनिटी सेंटर पर आयोजित मतसंग्रह में हिस्सा लिया, उनमें पाकिस्तान वाले सिख कितने हैं? यह भी खोज का विषय है।

मतसंग्रह के पांच दिन बाद 23 सितंबर को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने एक एडवायजरी जारी करते हुए कनाडा में रह रहे अनिवासी भारतीयों व छात्रों से कहा था कि वो हेट क्राइम से सतर्क रहें। उन्हें कोई इसका शिकार बनाता है, तो वो 'मदद पोर्टल' पर जाएं, और अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करें। खालिस्तान पर मतसंग्रह से पहले टोरंटो स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों को भारत विरोधी ग्रैफिटी से कुछ उपद्रवी तत्वों ने रंग दिया था। वहां खालिस्तान समर्थक स्लोगन भी उकेर दिये थे। टोरंटो में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर भी ऐसा कुछ हुआ था, उसके कुछ विजुअल्स पाकिस्तान के जियो न्यूज़ ने दिखाये थे। ऐसी करतूत में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का नाम सबसे आगे है।

जस्टिन ट्रूडो फिर भी इसे 'लोकतांत्रिक' बोलते हैं तो यह आंखों पर पट्टी बांध लेने के सिवा कुछ भी नहीं है। उन दिनों जस्टिन ट्रूडो ने बाकायदा बयान दिया था कि खालिस्तान के वास्ते मतसंग्रह जब तक शांतिपूर्ण है, हम उन्हें ऐसा करने से रोक नहीं सकते। यह कनाडा के क़ानून द्वारा प्रदत्त अधिकार है कि किसी विषय पर आप मत संग्रह करा सकते हैं। फ्री स्पीच, असेंबली कनाडा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है।

अब सवाल है कि कनाडा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब क्या यह होता है कि वहां बसे उन लोगों को धमकाया जाए जो खालिस्तानी नेताओं की हां में हां नहीं मिलाते? सिख फॉर जस्टिस के सरगना, गुरपतवंत सिंह पन्नू, जिसने न्यूयार्क में अपना मुख्यालय बना रखा है, वो कनाडा में रहने वाले प्रवासियों को धमका रहा है कि खालिस्तान से असहमत लोग देश छोड़ दें। दो दिन बाद कनाडा का सुरक्षा विभाग जागा, और बयान दिया कि कनाडा में आक्रामकता नफरत डराने-धमकाने या डर पैदा करने वाले कृत्यों का कोई स्थान नहीं है। ये केवल हमें बांटने का काम करते हैं।

ट्रूडो की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के साथ मजबूरी ऐसे तत्वों को बर्दाश्त करने की है। इससे अलग हटें, तो सरकार कभी भी जा सकती है। जो बयान ट्रूडो प्रशासन ने जारी किया है, वह केवल औपचारिकता का हिस्सा लगता है। इससे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी के भीतर हिंदू समर्थक नाखुश हैं। हिंदू सांसद चंद्र आर्य ने सही कहा है कि अधिकांश कनाडाई सिख खालिस्तान आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं।

**लेखक ईयू-एशिया न्यूज़ के नयी दिल्ली संपादक हैं।**

# आरक्षण के लिए इतना तेज दौड़ना ठीक नहीं

जॉर्ज फर्नांडिस, सांसद व वरिष्ठ राजनेता

कल जब यह विधेयक प्रस्तुत किया गया, तो सुना है कि प्रधानमंत्री जी ने स्वयं कल इसे प्रस्तुत किया। अब पता नहीं कि उनके नाम पर ऑर्डर पेपर लिखा हुआ था या कानून मंत्री के नाम पर लिखा हुआ था, क्योंकि विधि मंत्री की तरफ से ही बिल पेश होना चाहिए था। अब अगर प्रधानमंत्री ने बहुत उत्साहित होकर कानून मंत्री की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली, तो मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है। हम यह मानते हैं कि यह जो यहां पर विधेयक आया है, यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। इस विधेयक पर सदन में गंभीरतापूर्वक बहस होनी चाहिए थी। इसलिए नहीं कि इस सदन में इस विधेयक के बारे में किसी भी दल की कोई अलग राय है। हर दल के घोषणापत्र में किसी न किसी रूप में यह कल्पना व्यक्त हो चुकी है, पर घोषणापत्रों में यह चीज छपकर आना एक बात है और पार्टियों की तरफसे अपनी-अपनी राय पूरे विस्तार में सदन में दर्ज होना, अलग चीज है।

महोदय, मैंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक विधेयक है और ऐतिहासिक विधेयक का यह मतलब नहीं कि इस सदन में यह विधेयक इस क्षण अगर पास न होता हो, तो फिर इतिहास को यहां खत्म ही हो जाना है...। अब इस विधेयक में देखिए, आप बार-बार 81वां संशोधन कह रहे हैं और इसमें भी 81वां संशोधन ही लिखा है। ...81वां के स्थान पर 79वां प्रतिस्थापित किया जाए। ...यानी कौन सा संशोधन है, यह भी इनकी कैबिनेट को मालूम नहीं था, जब प्रधानमंत्री जी यहां पर खड़े होकर पढ़ने लगे। ...इस सदन के साथ इस प्रकार का मजाक नहीं होना चाहिए।...

मैं समझता हूं कि इतनी तेजी से प्रधानमंत्री को दौड़ना नहीं चाहिए कि तीन-चार सांविधानिक संशोधनों को छोड़कर आप सीधे 81वें पर पहुंच जाएं। आप कहें कि हम बहुत जल्दी में हैं, क्योंकि समय हमारे पास बहुत कम है। अध्यक्ष जी, हम इस मुद्दे को इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि इसमें मुझे एक प्रकार की



लापरवाही दिखाई दे रही है, इसमें मुझे किसी प्रकार की गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है। आप कहें कि इस बिल को पास करना है, जल्दी करो, हाउस एडजोर्न हो रहा है, तत्काल पास करो और फिर उत्तर प्रदेश में जाकर कहो कि हम महिलाओं को रिजर्वेशन देने का कानून बनाकर आए हैं, महिलाओं को सब कुछ दे रहे हैं। मगर इसमें कितना झूठ है, वह इसी बिल से मालूम होता है। ...यह वर्तमान लोकसभा या विधानसभा में लोक प्रतिनिधित्व को प्रभावित नहीं करेगा। ...इसका मतलब यह हुआ कि पांच साल तक आप महिलाओं को इस सदन में आने देना नहीं चाहते। ...इतनी जल्दी किसलिए है? उत्तर प्रदेश के लिए?

...आपके सारे समर्थक और आपके साथ जुड़ी हुई 13 पार्टियां कह रही हैं कि पांच साल हमारी सरकार चलनी है, इसलिए हम नहीं समझ पा रहे कि यह जल्दबाजी का आग्रह किसलिए है? अगर यह आज शाम 5 बजे तक पास नहीं होता है, तो आसमान टूटने वाला है, इतनी जल्दी किसलिए? यह आपका तरीका क्या है? ... हम चाहते हैं कि इस विधेयक पर गंभीरतापूर्वक सदन में बहस होनी चाहिए। मेरी समझ में नहीं आता कि इस सदन में जितने भी राजनीतिक दलों के लोग बैठे हैं, वे इस बहस से क्यों भाग रहे हैं? यह एक ऐतिहासिक कदम है। महिलाओं को इस देश में कितने साल इसके लिए लड़ना पड़ा और केवल महिलाएं ही नहीं लड़ीं। राजनीतिक दल इन चीजों पर अपने-अपने ढंग से प्रयास करते रहे, लेकिन सत्ता में बैठे लोगों में इस चीज के बारे में जो भी सोच रही, उसके चलते ऐसा विधेयक आने में देर हुई है। इस विधेयक को सत्र के अंतिम दिन पारित करके हम दुनिया को नहीं बता पाएंगे कि हिन्दुस्तान की महिलाओं को ऐसे विधेयक का निर्माण करने के लिए लड़ाई लड़नी पड़ी है।...यह इतिहास बनाने वाला कानून है...। आज से बीस साल बाद हममें से बहुत लोग इस दुनिया में भी नहीं रहेंगे, लेकिन किसी दिन हिन्दुस्तान की महिला मुक्ति के आंदोलन का इतिहास लिखने के लिए जब कोई खड़ा होगा, तो वह इस सदन की तरफभी देखेगा और इस सदन में इस मसले को पारित करते हुए सदस्यों ने क्या-क्या सोचा था, क्या-क्या कहा था, ... ये सारी चीजें, हम चाहते हैं कि इस सदन के रिकॉर्ड में दर्ज होनी चाहिए...। विधेयक पास होना चाहिए, पर जिस तरह प्रधानमंत्री चाहते हैं और जिस नीयत से चाहते हैं, उस नीयत से नहीं। ...इस विधेयक की बहस को समाप्त किया जाए और नए सिरे से विधेयक को सदन में लाने के लिए सरकारी पक्ष को कहा जाए।

**( लोकसभा में दिए गए भाषण का अंश )**

# अपना हक मांग रही हैं महिलाएं, भीख नहीं

सुषमा स्वराज, सांसद व वरिष्ठ राजनेता

विधेयक तो यह संसद बहुत पारित करती है। हमारा काम ही बिल बनाना और पारित करना है, लेकिन कुछ विधेयक ऐसे होते हैं,जो मील के पत्थर बन जाते हैं। जो एक वर्ग विशेष के जीवन-दिशा को बदलकर रख देते हैं। ...73वें और 74वें संशोधन ने महिलाओं के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन किया, जिसमें नगर निगमों, नगरपालिकाओं, ग्राम पंचायतों में 33 फीसदी के आरक्षण की व्यवस्था की गई है और अब 81वां संशोधन विधेयक भी लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों का आरक्षण कर रहा है। ...मैं तहे दिल से इसका स्वागत करती हूं, लेकिन यह बिल अपने साथ एक प्रश्न लेकर आया है। वह प्रश्न यह है कि आखिर इस आरक्षण की जरूरत क्यों पड़ी?

...हमारा देश उन अग्रणी देशों में है, जहां पुरुषों के साथ बराबर का मत देने का अधिकार संविधान के समय से मिला हुआ है। भारत उन अग्रणी देशों में से है, जहां महिला शासन के सर्वोच्च शिखर पर आसीन हुई। एक-दो वर्ष के लिए नहीं, बल्कि 11 वर्ष तक उन्होंने शासन संभाला है, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि एक तरफ महिला प्रधानमंत्री रहीं, पर दूसरी तरफ, आम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी नगण्य रही। ...इसकी जिम्मेदारी आखिर किस पर है? अगर मैं बिना हिचकिचाहट के कहना चाहूं, तो इसकी जिम्मेदारी केवल पुरुष वर्चस्व मानसिकता पर है। ...यदि पुरुषों ने महिलाओं को उनका न्यायोचित अधिकार वैसे दे दिया होता, तो आज इस आरक्षण की आवश्यकता नहीं पड़ती, लेकिन दुर्भाग्य और शर्म की बात है कि आजादी के बाद से आज तक महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उत्तरोत्तर कमी आई है। ... 543 सदस्यों का यह सदन और 36 महिला सांसद? प्रतिशत निकालिए, साढ़े छह फीसदी की भागीदारी बनती है। ...क्या यह दुख की बात नहीं है, क्या यह शर्म की बात नहीं है? क्या मैं पूछ सकती



हूं कि नेतृत्व क्षमता केवल पुरुषों की बपौती है? क्या राजसत्ता पर एकाधिकार केवल पुरुष का है?... हर राजनीतिक दल में पुरुष वर्चस्व मानसिकता है, इसीलिए आज आरक्षण की मांग करने की जरूरत पड़ी। ...हम रहमो-करम की भीख नहीं मांग रहे हैं।

... ईश्वर ने सिंह जैसा प्राणी बनाया, जो जंगल का राजा कहलाया, लेकिन रोज का शिकार सिंहनी करती है, अपने शावकों को शिकार का प्रशिक्षण भी सिंहनी देती है और ईश्वर ने उसके माध्यम से यह दिखा दिया कि मादा नर से कमजोर नहीं है, शारीरिक रूप से भी कमजोर नहीं है। ...झुंड में चलते हुए हाथियों का नेतृत्व कभी हाथी नहीं करता, हमेशा बूढ़ी हथिनी करती है। ईश्वर ने उसे नेतृत्व की क्षमता दी है। ...मादा न शारीरिक रूप से कमजोर है, न नेतृत्व की क्षमता से विहीन है, लेकिन उनके नर उन पर अंकुश नहीं लगा सके, इसलिए वह प्रकृति प्रदत्त गुण के अनुसार आचरण करती है और हमारे यहां कहा जाता है, तुम शारीरिक रूप से कमजोर हो, तुम मानसिक रूप से कमजोर हो।

...हिंदू दर्शन में तो जब देवताओं ने भी अपने विभाग बांटे, तो उन्होंने अपने प्रशासन को चलाने के लिए सारे मुख्य विभाग देवियों को दिए। ...देवताओं ने अपने विभागों का वितरण करते हुए शिक्षा सरस्वती को दी, वित्त लक्ष्मी को दिया और रक्षा दुर्गा को दी। ...यह हमारी सोच की ही विकृति का परिणाम है कि आज हमको अपना हक भी मांगना पड़ रहा है और मुझे तो इस समय जो सदन का दृश्य दिखाई दे रहा है, उससे लगता है कि पता नहीं, आपके इतने उत्साहपूर्ण योगदान के बाद भी यह बिल पास हो सकेगा या नहीं, क्योंकि यह संविधान संशोधन विधेयक है, इसके लिए 50 फीसदी उपस्थिति चाहिए...। 50 फीसदी की उपस्थिति मुझे अभी दिखाई नहीं दे रही और जिस तरह की चर्चा मैंने सेंट्रल हॉल और लॉबी में सुनी है, अगर वह सच है, तो यह साजिश की गई है कि 50 फीसदी उपस्थिति न हो।

...मैं चुनौती देकर कहती हूं, आज जो महिलाएं नगरपालिका अध्यक्ष बनी हुई हैं, जो नगर निगमों की मेयर बनी हुई हैं, आप सर्वे कराकर देखिए, वे पुरुषों से ज्यादा प्रभावी काम कर रही हैं और मैं आपको बता सकती हूं कि कहीं-कहीं वे विकास का पर्याय बन गई हैं। ...लाखों महिलाएं जीतकर आई हैं। उसी चरण को आगे बढ़ाते हुए यदि यह विधेयक पास होता है, तो एक तिहाई महिलाएं संसद की शोभा बढ़ाएंगी और राज्यों की विधानसभाओं में चुनकर जाएंगी।

**( लोकसभा में दिए गए भाषण का अंश )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### राजधानी के तेलीबांधा में बनेगा राज्य का सबसे लंबा फ्लाईओवर, ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। जिसके तहत तेलीबांधा चौक पर राज्य के सबसे लंबे फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। यह फ्लाईओवर तेलीबांधा चौराहे के अलावा वीआईपी तिराहा और अग्रसेन धाम चौक के ऊपर से गुजरेगा। यह फ्लाईओवर 3 किलोमीटर लंबा होगा। मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में बीते तीन सालों से चल रहे फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी. इस पर करीब 485 करोड़ रुपए खर्च आएगा । पहले फ्लाईओवर केवल तेलीबांधा चौक के ऊपर से बनाया जाना था, लेकिन फ्लाईओवर के वीआईपी तिराहे के पास समाप्त हो रहा था। इससे वीआईपी तिराहे का प्रभावित होने वाले ट्रैफिक को देखते हुए इसकी लंबाई बढ़ाई गई। वाई शेप फ्लाईओवर के बनने से टाटीबंध से आरंग की तरफ और आरंग से टाटीबंध की तरफ जाने वाले वाहन तेलीबांधा तिराहे पर ट्रैफिक जाम में नहीं फंसेंगे । वहीं आरंग की ओर से रायपुर शहर के भीतर जाने वाले राहगीरों को भी सुविधा होगी. दुर्ग-भिलाई और महासमुंद की ओर वाहन सीधे निकल जाएंगे। रायपुर शहर की ओर जाने वाले वाहन सीधे तेलीबांधा थाने के सामने उतरेंगे । तेलीबांधा फ्लाई ओवर तकरीबन 2900 मीटर यानी लगभग 3 किमी लंबा होगा। इसकी चौड़ाई 24 मीटर होगी. इसे 6 लेन बनाया जाएगा। इसमें तीन लेन आने और तीन लेन के लिए के लिए होगी । दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की तरफ जाने वाले तथा हावड़ा की तरफ से आने वाले वाहन सीधे निकल जाएंगे।

### भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से चालीस लाख लोग गरीबी रेखा से आए बाहर

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतिगत फैसलों की बदौलत प्रदेश के 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के लगभग 40 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने मजबूर थी। उस दौरान किसानों की आत्महत्या की घटनाएं होती थी, युवा रोजगार के लिए तरसते थे। महिलाओं के हाथ में काम नहीं था। हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर थी 20 लाख फर्जी राशन कार्ड बनाकर 36000 करोड रुपए का नान घोटाला किया गया था। युवाओं के रोजगार को आउटसोर्सिंग के माध्यम से बेचा गया था। 3000 से अधिक स्कूलों को बंद कर दिया गया था 14 जिले नक्सल प्रभावित थे। आदिवासियों से 90 हजार एकड़ जमीन छीन ली गई थी। रमन सरकार में 41 हजार करोड़ का कर्जा चढ़ गया था। जबकि भूपेश सरकार बनने के बाद कृषि क्षेत्र लाभकारी हुआ। प्रदेश के 80 प्रतिशत आबादी कृषि कार्यो से जुड़ी हुई है और सरकार ने किसानों के साथ भूमिहीनों की भी आर्थिक मदद की है। किसानों की कर्जमाफी, बिजली बिल हाफ योजना, किसानो को 5 लाख से अधिक स्थाई पम्प कनेक्शन, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी तेंदूपत्ता का मानक दर 4000 रु प्रति बोरा,राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को 9 हजार रु एवं कोदो, कुटकी, रागी, गन्ना, दलहन, सक्षम बनाने किये गए कार्यो के कारण ही छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आये है।

### वर्ष 2022-23 में 13000 करोड़ रूपए का मिला खनिज राजस्व

# छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में 30 गुना की वृद्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायुपर । राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की 23वीं बैठक आज इंद्रावती भवन में खनिज साधन विभाग के विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 के भू-वैज्ञानिक क्षेत्रीय कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। विशेष सचिव श्री जय प्रकाश मौर्य ने बैठक में बताया कि वर्ष 2022-23 में लगभग 13000 करोड़ रूपए के खनि राजस्व की प्राप्ति हुई है, जो राज्य स्थापना वर्ष की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक है। बैठक में भौमिकी तथा खनिकर्म छत्तीसगढ़ के द्वारा क्षेत्रीय सत्र 2022-23 में सम्पन्न कार्यों की जानकारी देते हुए संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कुल 2.45 बिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के 125 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये हैं।



बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 12 विभिन्न खनिजों की कुल 45 परियोजना अन्वेषण तथा पूर्वेक्षण कार्य हेतु लिए गये हैं। जिसमें आयरन ओर के 20, फास्फोराईट के 04, चूनापत्थर के 04, गोल्ड के 04, ग्लुकोनाईट के 03, ग्रेफाईट के 02, डायमण्ड के 02, आरईई के 02, टंगस्टन के 01, लिथियम के 01, बॉक्साईट के 01 तथा बेसमेटल के 01 अन्वेषण-पूर्वेक्षण परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज अन्वेषण एवं खनिज दोहन के क्षेत्र में कार्यरत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों द्वारा वर्ष 2022-23 में किये गये भू-वैज्ञानिक कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जहां वर्ष 2022-23 के सम्पादित कार्यों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई तथा प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित भू-वैज्ञानिक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। इंद्रावती भवन में आज संपन्न स्टेट जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक में देश की विभिन्न शासकीय एवं निजी अन्वेषण संस्थाओं द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में खनिज विशेष के अन्वेषण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर भी वृहद् चर्चा की गई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में उपलब्ध खनिज संसाधन, राज्य एवं देश के आर्थिक-सामाजिक विकास का आधार हैं। राज्य के जीएसडीपी में प्रदेश के खनिज संसाधन 11 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी रखते हुए वार्षिक तौर पर लगभग 13 हजार करोड़ का खनिज राजस्व देते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यूनिक जियोलॉजिकल सेटअप अनुसार यहां लौह अयस्क, कोयला, डोलोमाईट, चूनापत्थर, बाक्साईट इत्यादि बल्क मिनरल्स के अलावा बहुमूल्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खनिजों यथा ग्लूकोनाईट, ग्रेफाईट, निकल, क्रोमियम एवं पीजीई, की उपलब्धता भी विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रमाणित की गई है। तथापि अब तक प्रदेश में खनिजों का दोहन कोयला, लौह अयस्क, बाक्साईट, लाईमस्टोन तक सीमित है। प्रदेश के बहुमूल्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उपर्युक्त खनिज देश की कृषि, आईटी, ऑटोमोबाईल्स, स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आधारभूत खनिज हैं। उक्त तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा इन खनिजों के अन्वेषण एवं विकास को गति देने अन्वेषण कार्य में जीएसआई, एमईसीएल के अलावा शासकीय एवं निजी नोटिफाईड एक्सप्लोरेशन एजेंसीज को शामिल किया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा स्वत: के अतिरिक्त आउटसोर्सिंग से भी कार्य किया जा रहा है।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में डीजीएम के अलावा जीएसआई, एमईसीएल, सीएमपीडीआईएल, एएमडी, एनएमडीसी, मॉयल आदि देश के नवरत्न कंपनियां विभिन्न खनिजों के अन्वेषण कार्य में संलग्न हैं। एसईसीएल द्वारा भी अब कोयला के अलावा अन्य खनिजों के दोहन में रूचि ली जा रही है। परिणामस्वरूप प्रदेश में लगभग 13 परियोजनाएं बहुमूल्य एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए प्रस्तावित की गई हैं। इस प्रयास से विभाग द्वारा ग्लूकोनाईट, ग्रेफाईट, निकल, क्रोमियम एवं पीजीई, गोल्ड के 06 ब्लॉक्स ई-नीलामी के माध्यम से देश के महत्वपूर्ण माईनिंग कंपनियों को पारदर्शितापूर्ण नीलाम किये गये है। राज्य के खनिज विभाग का यह प्रयास देश में इन खनिजों की उपलब्धता में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सके। ग्लूकोनाईट, निकल, क्रोमियम एवं पीजीई खनिज ब्लाकों का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन करने वाला छत्तीसगढ़, देश में प्रथम राज्य है।

वर्ष 2015 में खनिज नियमों में संशोधन उपरांत विभाग द्वारा कोयला के अतिरिक्त अब तक कुल 33 खनिज ब्लाकों का आबंटन ई-नीलामी से किया गया है। इन ब्लॉकों के दोहन से आने वाले वर्षों में प्रदेश को 01 लाख करोड़ से ज्यादा की आय होगी। बैठक में केन्द्र सरकार तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागो, उपक्रमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# महिलाओं की हुनर ही बन रही उनकी पहचान





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला बाल विकास विभाग की सक्षम योजना के माध्यम से अपने मनपसंद काम के लिए लोन पाकर दुर्ग निवासी श्रीमती कमलेश्वरी बाई और लक्ष्मी अपना कैरियर बना रहे हैं। विगत दिवस महिला समृद्धि सम्मेलन में महिलाओं को खुद का रोजगार स्थापित करने के लिए चेक दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं की कला, कौशल और प्रशिक्षण की ओर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रीमती कमलेश्वरी बाई ने बताया की योजना के तहत तेल पेराई मशीन लगाने के लिए 6 लाख का लोन स्वीकृत हुआ है। दुर्ग की लक्ष्मी बघेल को भी स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू करने के लिए 2 लाख का चेक दिया गया है। सक्षम योजना का लाभ लेकर आज महिलाएं अपने सपने पूरे कर रही हैं। दुर्ग अंचल की बेटीयों ने अब अपने हुनर को हौसले के साथ स्वरोजगार में बदलने की ठानी है। लक्ष्मी ने बताया कि बचपन से मुझे सजने संवरने का बहुत शौक था साथ ही दूसरों को सजाना अच्छा लगता था। अपने हुनर और शौक को पहचान देने के लिए मैंने महिला बाल विकास विभाग से सम्पर्क करके सक्षम योजना की जानकारी ली। विभाग ने प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करवाई मुझे यह काम बहुत पसंद है । सक्षम योजना की बारे में सुना तो मुझे लगा कि यही सही मौका है स्वरोजगार हासिल करने का। छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं के लोन में वृद्धि करते हुए इसकी सीमा 6 लाख तक की गई है। महिलाओं को 3 प्रतिशत के साधारण वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। सक्षम योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिला या विधवा, परित्यकता, अविवाहित महिलाओं को लाभ दिया जाता है।

# छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजना से समृद्ध हुए किसान-मो. अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे कबीरधाम जिला लगातार विकास कर रहा है। शासन के इन पौने पांच सालों में वनांचल से लेकर शहर तक योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ विभिन्न निर्माण कार्य भी किए गए है। उन्होंने कहा कि वनांचलवासियों के जीवन को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की है।

जिससे वन और वनोपज पर आश्रित संग्राहकों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश के लाखों वनोपज संग्राहक परिवारों को स्थानीय स्तर पर वनोपज से जुड़े रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर वनोपज संग्राहकों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए लघु वनोपजों के क्रय मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। केबिनेट मंत्री अकबर आज बोड़ला विकासखंड के ग्राम प्रभाटोला, लोहझरी और अचानकपूर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रावासियों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री अकबर ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रभाटोला में विकास कार्यों के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम के हितग्राहियों राशन कार्ड का वितरण भी किया।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि किसानों के लिए हित के लिए धान का विक्रय प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को अपनी वायदा से बढ़कर समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद रही है। 25 सौ रुपये में धान खरीदने का वायदा किया था, लेकिन इस वर्ष 2640 रुपये में धान की खरीदी की गई है। अंतर की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का राशन कार्ड बनाया जा रहा है, चाहे वो गरीबी रेखा से नीचे हो या ऊपर हो। परिवार में सदस्य संख्या बढ़ने पर कार्ड को तोड़कर एक और नया कार्ड बना दिया जा रहा है। प्रदेश में 75 लाख से अधिक राशन कार्ड है। इस तरह छूटे हुए लोगों का भी राशन कार्ड बनाए जा रहे है। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, पीतांबर वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, जिला पंचायत सदस्य मुखीराम मरकाम,अगमदास अनंत,राजकुमार तिवारी, विरेन्द्र जांगड़े, गणेश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, क्षेत्र के पंच-सरपंच उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ग्रामीणों के साथ भेंट मुलाकात कर जमीन पर बैठकर जनचौपाल लगाई और एक-एक कर सभी की समस्याएं, मांग और शिकायतें सुनी। ग्रामीण मंत्री को अपने समक्ष पाकर खुश हुए। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने लोगों की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मांग, शिकायत और समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों से सीधा संवाद करने का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नही इसकी जानकारी लेना है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में किया जा रहा है विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज





**बालोद।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पंचायत अर्जुंदा में स्वच्छता रैली निकाली गई एवं छितका तालाब का साफ-सफाई किया गया। मुख्य नगर पालिका अर्जुंदा ने बताया कि गत दिनों स्वच्छता जागरूकता का नारा लगाते हुए नगर पंचायत भवन से स्वच्छता रैली निकाली गई और गाँधी चैक के पास स्वच्छता ही सेवा का शपथ लिया गया।

इसी तरह गुरूवार 21 सितम्बर को मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई कर्मचारियों को नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार हितग्राहियों से आवेदन लिया गया।

इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य हेतु सुरक्षा उपकरण एवं पोषाक भी प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भाग लिए।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रहास रेवाराम देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चन्द्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह चैहान, जिला समन्वयक प्रदीप कुमार सोनी, परियोजना प्रबंधक प्रणय कुमार, नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### रायपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों में पटरियों की हुई सफाई

**रायपुर ( ए )।** स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वच्छता ही सेवा-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों तथा गाड़ियों में हर दिन थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के सातवें दिन शुक्रवार को स्वच्छ पटरी (क्लीन ट्रैक) की थीम पर रायपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों रायपुर , भिलाई पॉवर हाउस ,भाटापारा, दुर्ग स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म पटरियों की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए जागरूक किया गया।आज इस थीम के तहत् स्वच्छ पटरी (क्लीन ट्रैक) में रायपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों, यार्ड के पटरियों पर स्वच्छता की एक मुहिम छेडी गई,इसमें पटरी के किनारे उगे घास-झाड़ियों,प्लास्टिक कचरे,नालियों की साफ - सफाई की गई। जीरो वेस्ट कचरा मुक्त प्लेटफॉर्म और पटरी को लेकर अभियान चलाया गया। स्टेशनों से वेस्टेज के रूप में निकलने वाले पानी के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया गया, नालियों को साफ किया गया ताकि गन्दा पानी आसानी से निकल जाए।

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया: कांग्रेस

**रायपुर ( ए )।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को छत्तीसगढ़ की जनता ने नकार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जनता भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल ही नही होना चाहती, पूरी ताकत देश भर से केन्द्रीय नेताओं को बुलाने के बाद भी भाजपा की परिवर्तन यात्राओं में होने वाली सभा में सामान्य नुक्कड़ सभाओं के बराबर भी भीड़ नही एकत्रित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्यंभावी हार, भाजपा के प्रति भयंकर आक्रोश और भूपेश सरकार को मिलते अपार जन स्नेह के भय से भाजपा के केंद्रीय नेता छत्तीसगढ़ में आयोजित परिवर्तन यात्रा व अन्य कार्यक्रमों में आने से कतरा रहे हैं। भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा लगातार दूसरी बार रद्द हुआ है। पिछली बार जब अमित शाह कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने छत्तीसगढ़ आए थे तब 1000 लोगों की क्षमता वाला हॉल भी पूरी तरह भर नहीं पाया था। उसके बाद दंतेवाड़ा में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए अमित शाह आने वाले थे मगर सम्मानजनक भीड़ नहीं जुट पाने के कारण अमित शाह ने अपना दौरा रद्द कर दिया और भाजपा द्वारा मौसम को बहाना बना दिया गया।

# छत्तीसगढ़ में महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से हुई सशक्तः सीएम बघेल

## तीजा-पोरा तिहार मनाने बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची मुख्यमंत्री निवास





### मुख्यमंत्री निवास में मायका का प्यार पाकर गदगद हुई महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास परिसर में तीजा पोरा तिहार के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के इस पारम्परिक त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। यहां महिलाएं मायका का प्यार पाकर खुशी से गद्गद् हुई। मुख्यमंत्री बघेल इस मौके पर महिलाओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि तीजा-पोरा माताओं-बहनों की खुशियों और छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण पारम्परिक त्यौहार है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल सहित परिवार के लोग शामिल हुए। साथ ही खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए उससे लाभान्वित महिला हितग्राहियों सरिता साहू, ज्योति मिथलेश, शांति चंद्रा, रेखा साहू, जयंती तथा उर्वशी वर्मा आदि ने भी अपना अनुभव साझा किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। छत्तीसगढ़ में हम शुरूआत से ही महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। इस कड़ी में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न बनाने के लिए हर संभव पहल की जा रही है और इसके लिए कई नई-नई योजनाएं बनाकर कार्यक्रमों का संचालन बखूबी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में हो रहे कार्यों के फलस्वरूप आज इनकी स्थिति में काफी बदलाव आए है। वे राज्य में आर्थिक रूप से ही नहीं बल्कि सामाजिक रूप से भी संपन्न होकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश में गोधन न्याय योजना के तहत् निर्मित गौठानों में बड़े तादाद में महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। इसी तरह वनोपज संग्रहण, बिहान आदि योजनाओं के माध्यम से उन्हें आय और रोजगार के लिए साधन सुगमता से उपलब्ध हो गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में लाखों महिलाओं को इसका सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य सहित जनहित में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल तथा मुख्यमंत्री हाट बाजान क्लीनिक आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से उल्लेख किया।

# मुख्यमंत्री ने 'छत्तीसगढ़ की सहकारिता: नई राहें-नए कीर्तिमान' स्मारिका का किया विमोचन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक ( अपेक्स बैंक) की स्मारिका 'छत्तीसगढ़ की सहकारिता: नई राहें-नये कीर्तिमान' का विमोचन किया । स्मारिका में राज्य सरकार की वर्ष 2019 से 2023 तक विगत पांच वर्षों के कार्यकाल में सहकारिता के क्षेत्र में अर्जित की गयी विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने बैंक के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर, संचालक द्वारिका साहू, राकेश सिंह ठाकुर, प्रबन्ध संचालक केएन कान्डे, डीजीएम भूपेश चन्द्रवंशी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी और लेखाधिकारी प्रभाकर कांत यादव भी उपस्थित थे।

# शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का पूरी तरह हुआ पालन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में वर्तमान में शिक्षकों की भर्ती की कार्यवाही प्रकियाधीन है, शिक्षक भर्ती के संबंध में सोशल मीडिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण का पूरा लाभ न मिलने की झूठी अफवाह फैलाई जा रही है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में शिक्षक संवर्ग के कुल 5090 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। जिनमें से अनारक्षित वर्ग के कुल 905 पद है।

उल्लेखनीय है कि नियमानुसार मेरिट में उपर आने पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को भी अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति की पात्रता होती है। इस नियम का पालन करते हुये जिन 895 अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति पत्र जारी किया गया/किया जा रहा है, उनमें से 48 अनुसूचित जाति, 04 अनुसूचित जनजाति, 623 अन्य पिछड़ा वर्ग, तथा 220 अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट है कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया है और किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी के साथ अन्याय नही किया गया है। इसके बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी का दावा है कि मेरिट में उसके नीचे के किसी व्यक्ति को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति दी गई है तो वह तत्काल संचालक लोक शिक्षण को आवेदन दे सकता है। संचालक द्वारा समय-सीमा में ऐसे आवेदनों का निराकरण किया जायेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि शिक्षक भर्ती में काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया अभी भी जारी है और आरक्षित वर्ग के अनेक अभ्यर्थियों को तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु 29 एवं 30 सितम्बर 2023 को बुलाया गया है।

## छत्तीसगढ़ की चॉक परियोजना को विश्व बैंक एवं भारत सरकार से मिली मंजूरी

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ स्कूलों का होगा कायाकल्प

### विश्व बैंक से 5 वर्षों में कुल 2500 करोड़ रुपए की मिलेगी सहायता

### प्रथम चरण में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य में स्कूली शिक्षा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तेजी से बदलाव लाने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु चॉक परियोजना की विश्व बैंक एवं भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, इस परियोजना के दस्तावेजों पर विश्व बैंक, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत रूप से हस्ताक्षर किए गए।

वर्ल्ड बैंक की मदद से शिक्षा गुणवत्ता सुधार के साथ स्कूलों का कायाकल्प किये जाने का निर्णय लिया गया है, इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहले चरण में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से अगले 5 वर्षों में (जुलाई, 2023 से सितंबर, 2028) विश्व बैंक द्वारा कुल 300 मिलियन डालर (लगभग 2500 करोड़ रुपए) की सहायता प्राप्त होगी।

इस परियोजना के माध्यम से प्रमुख रूप से बच्चों की उपलब्धि में सुधार की दिशा में विभिन्न कार्य, पालकों की मांग के आधार पर स्वामी आत्मानंद की तर्ज पर उत्कृष्ट परिणाम देने वाले नए स्कूलों का प्रारंभ, राज्य में सुदूर अंचलों में संचालित स्कूलों की अधोसंरचना में सुधार हेतु आवश्यक समर्थन आदि कार्य किये जा सकेंगे। इस परियोजना के आने से छत्तीसगढ़ राज्य में विगत चार वर्षों में शुरू किए गए विभिन्न सुधार कार्यों को गति एवं विस्तार देने में आसानी हो सकेगी एवं स्कूली शिक्षा की गुणवता में व्यापक सुधार हो सकेगा।

परियोजना के अंतर्गत कक्षा के स्तर अनुरूप सीखने-सिखाने से सबंधित प्रशिक्षण, शिक्षकों को अपने लिए उपयुक्त प्रशिक्षण के चयन का अवसर (ऑन डिमॉड ट्रेनिंग), उच्च प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी स्तर की कक्षाओं के लिए प्रत्येक विषय एवं अवधारणा के लिए उपचारात्मक शिक्षण, स्कूलों में प्रभावी आकलन हेतु डिजिटल टेक्नोलोजी का उपयोग कर बच्चों के परिणामों के विश्लेषण की व्यवस्था, उच्च क्वालिटी के टेस्ट आइटम आईसीटी एवं विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लासरूम की उपलब्धता, चयनित स्कूलों को अधोसंरचना विकास का लाभ, अधिक संख्या में अनुसूचित जाति एवं जनजाति बसाहट वाले विकासखंडों में स्कूलों खोले जाने का प्रस्ताव जैसे कार्यों पर फोकस किया जावेगा। साथ ही स्कूल शिक्षा में बदलाव लाए जाने हेतु राज्य में कार्यरत स्कूल प्राचार्यों को अकादमिक एवं प्रशासनिक लीडरशिप के अलावा अन्य उपयोगी मुद्दों पर उन्हें प्रशिक्षित कर व्यवहार परिवर्तन हेतु सीमेट के माध्यम से विभिन्न क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन भी किया जावेगा।

# युवा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने और अपने देश पर गर्व करें- राज्यपाल हरिचंदन

युवा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हे देश के प्रति गौरवान्वित होना चाहिए। राज्यपाल हरिचंदन ने सीआईआई और यंग इंडियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त उद्गार व्यक्त किये।

राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को शांति का संदेश दे रहा है उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए जी-20 सम्मेलन में भारत की समृद्ध विरासत एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था से सभी देशों के जी-20 देशों के नेतृत्व कर्ता के रूप में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने हमारे देश की साख को बढ़ाया है। यह वर्ष भारत के लिए अवसर लेकर आया है कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के हमारे विचार को साकार करें और पृथ्वी को सुरक्षित एवं हरित बनाने में अपने योगदान को विश्व में मान्यता दिलाये, जिसमे युवाओं की अहम भूमिका होगी।

राज्यपाल ने कहा कि युवा देश की जीवंत क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रगति और समृद्धि के भावी वास्तुकारों का प्रतीक है।



उनकी जीवटता, रचनात्मकता और अनुकूलनशीलता हमारे समाज के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। हालांकि, इस क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, उन्हें सही कौशल के साथ सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। युवाओं को कौशल प्रदान करना न केवल उन्हें आधुनिक नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करता है बल्कि नवाचार, उद्यमशीलता और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है।

उन्होने कहा कि देश के एक करोड़ से अधिक युवा प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर बने हैं। उभरते उद्यमियों और छात्रों के लिए ''प्रधानमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान योजना'' शुरू की गई है। हमारा धैर्य और प्रतिबद्धता ही हमारे देश को सफलता के शिखर पर ले जाएगी। उन्होने कहा कि हमें मजबूत, जागरूक और सक्षम बनने के लिए मिलकर काम करना होगा। जीवन में सफल होने के बाद युवाओं को समाज और राष्ट्र को कुछ लौटाना चाहिए।

इस अवसर पर सीआईआई के चेयरमेन सिद्धार्थ अग्रवाल, यंग इंडियन के आलोक अग्रवाल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। राज्यपाल ने राज्य की विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों एवं संस्थाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा मानकों के संदर्भ में उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षाविद्, विद्यार्थी, औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रेरणा स्कूल की दृष्टिबाधित बालिकाओं ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

















# हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है हरा प्याज ऐसे करें इसका इस्तेमाल



हरा प्याज एक ऐसी सब्जी है जो किसी भी सब्जी में मिला देने पर उसको टेस्टी और स्वादिष्ट बना देता है। इसका उपयोग अक्सर सब्जियों के साथ मिलाकर या फिर अकेले ही भी किया जाता है। हरा प्याज खाने में क्रंची और टेस्टी लगता है। इसलिए इसका उपयोग सब्जियों को गार्निश करने के लिए भी करते हैं। क्योंकि यह सब्जियों को देखने में और आकर्षक बना देता है। हरा प्याज किसी भी उम्र के लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। जिसे हम सभी को अपने रोजाना भोजन में शामिल करना चाहिए। विशेषकर इसका सेवन हृदय रोगियों और उम्रदराज लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। हरे प्याज में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके नियमित सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। आइए जानते हैं कि हरा प्याज हमारे हार्ट के लिए क्यों इतना उपयोगी है।

### हरा प्याज हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

- प्याज में मौजूद क्वर्सेटिन एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है जो फ्री रेडिकल्स से लड़कर हृदय रोगों से बचाता है।
- इसमें विटामिन सी, फोलिक एसिड, फाइबर और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो धमनियों को स्वस्थ रखते हैं।
- प्याज का सेवन खून में कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है।
- इसमें सल्फर की मात्रा अधिक होती है जो ब्लड प्रेशर को कम करता है।
- प्याज में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो सूजन को कम करते हैं।
- प्याज के नियमित सेवन से धमनियां लचीली और टच्ची बनी रहती हैं।

### हरा प्याज का जानें कैसे करें इस्तेमाल

- सलाद के रूप में - हरे प्याज को पतला काटकर सलाद में डालें। इसमें टमाटर, ककड़ी, नींबू का रस मिलाएं।
- संडविच में - ब्रेड पर हरा प्याज, टमाटर और अन्य सब्जियां डालकर संडविच बनाएं।
- चटनी में - हरे प्याज को बारीक काटकर चटनी में मिलाएं।
- भुनकर - प्याज को कम तेल में भूनकर भी खा सकते हैं।
- सूप में - प्याज और अन्य सब्जियों का सूप बनाकर पी सकते हैं।
- जूस में - हरे प्याज का जूस निकालकर पीना फायदेमंद है।

# एक महीने के लिए आलू खाना बंद कर दें, इसके बाद शरीर पर होगा कुछ ऐसा असर...



आलू हमारी डाइट का अहम हिस्सा है। यह इंडियन किचन में इस्तेमाल में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण सब्जी है। आलू के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप किसी भी हरी सब्जी के साथ मिलाकर बना सकते हैं। तो वहीं आप इसके पकौड़े से लेकर कटलेट और पराठे तक में इस्तेमाल कर सकते हैं। साफ भाषा में समझे तो आलू से आप कई तरह की डिश बना सकते हैं। इसे आराम से बेक किया जा सकता है। उबालने के साथ तला भी जा सकता है। जिन्हें आलू खाना खूब पसंद है वह इसका इस्तेमाल कई तरह से करते हैं। वहीं कई लोग ऐसे हैं जो अपने डाइट प्लान से आलू को एकदम से हटाना चाहते हैं तो कुछ ऐसे हैं जो कम से कम आलू का इस्तेमाल करना चाहते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा और अहम सवाल यह है कि क्या आलू को अपनी डाइट से पूरी तरह हटा देना सही है? दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि अगर एक महीने के लिए आलू खाना छोड़ देते हैं तो शरीर पर क्या बदलाव हो सकते हैं?

### एक महीने के लिए आलू खाना छोड़ देते हैं तो शरीर पर कुछ ऐसा असर दिखता है

रिपोर्ट के मुताबिक आलू में स्टार्च होता है और इसे एनर्जी का सोर्स भी माना गया है। आलू में अच्छी खासी कैलोरी होती है। अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको पूरे दिन एनर्जी फिल होगा। लेकिन इसके साथ दिक्कत यह है कि लोग इसे पकाने के लिए काफी ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं। यदि कोई व्यक्ति आलू खाने से परहेज करता है तो वह अपनी डाइट से कैलोरी कट करने की कोशिश करता है ताकि उसका वजन न बढ़े।

डाइटिशियन विशेषज्ञ शिवानी अरोड़ा ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने के लिए अगर आप अपनी डाइट से आलू को हटाते हैं तो इसका शरीर में कई पॉजिटिव असर पड़ता है। यह आपके ऊपर डिपेंड करता है कि आप अपनी डाइट से इस कैसे हटाते हैं यह किस तरह से खाते हैं। क्योंकि अगर आप आलू खाना बंद कर देंगे तो इसका सीधा असर आपके वजन पर पड़ता है। अगर आलू की जगह कम कैलोरी वाली फूड आइटम खाते हैं तो इससे आपका वजन कंट्रोल में रहेगा।

आलू में भरपूर मात्रा में स्टार्च होता है जो ब्लड में शुगर लेवल को बढ़ाने का काम करता है। इसलिए उन्हें छोड़ने से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। खासकर डायबिटीज वाले व्यक्तियों को कम से कम आलू खाना चाहिए। आलू जब आप खाना बंद कर देते हैं तो इसी बहाने आप कार्बोहाइड्रेट कम खाते हैं। जिससे आपकी पाचन में भी सुधार आ सकती है। आलू से बने प्रोडक्ट्स जो मार्केट मिलते हैं उन्हें नहीं खाना चाहिए। जैसे- चिप्स और फ्रेंच फ्राइज।।।क्योंकि इसमें सोडियम काफी अधिक होती है। और इसे खाने से हाई बीपी और दिल की बीमारी हो सकती है।

# संजय दत्त और टाइगर की नई फिल्म का ऐलान, मास्टर ब्लास्टर में लगाएंगे एक्शन के साथ कॉमेडी का तड़का

सुखी और द ग्रेट इंडियन फैमिली ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। आने वाले दिनों में कई शानदर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं। अब एक और नई फिल्म मास्टर ब्लास्टर का ऐलान हो गया है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी और इससे भी खास बात यह है कि इसमें संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ पहली बार साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं इससे जुड़ी और क्या जानकारी मिली है।



जाने-माने फिल्म समीक्षक और फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने एक्स (ट्विटर) पर यह जानकारी दी।उन्होंने ट्वीट किया, इस खबर की आधिकारिक रूप से पुष्टि हो चुकी है कि संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ हेरा फेरी, फिर हेरा फेरी, वेलकम और आवारा पागल दीवाना के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला की अगली एक्शन कॉमेडी फिल्म मास्टर ब्लास्टर के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही शूटिंग शुरू होने वाली है।

तरण ने अपने पोस्ट में आगे यह भी बताया कि मास्टर ब्लास्टर के ज्यादातर हिस्से की शूटिंग हांगकांग, मकाऊ और मेनलैंडचीन में होगी। सिनेमा के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा, जब किसी फिल्म में कुछ नए तकनीकी प्रयोग दर्शकों के बीच आएंगे। संजय और टाइगर दोनों एक प्रसिद्ध शाओलिन मास्टर की देख-रेख में अपने किरदार की तैयारी के लिए एडवांस मार्शल आर्ट का कड़ा प्रशिक्षण लेने वाले हैं। फिल्म के निर्देशक और हीरोइन की घोषणा जल्द की जाएगी।

बता दें कि संजय और जैकी श्रॉफ ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। खलनायक में जैकी पुलिसवाले तो संजय विलेन बने थे। इस फिल्म के बाद दोनों की जोड़ी सुपरहिट हो गई थी। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म कारतूस में भी दोनों साथ थे। 2007 में आई फिल्म एकलव्य द रॉयल गार्ड आखिरी फिल्म थी, जिसमें दोनों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। संजय और जैकी जल्द ही एक बार फिर फिल्म बाप में नजर आएंगे।

# रिताभरी चक्रवर्ती का टाइम बेबी म्यूजिक वीडियो फैंस को कर रहा है एंटरटेन!



मनोरंजन की दुनिया में ऐसे क्षण आते हैं जब एक कलाकार का परिवर्तन उम्मीदों से बढ़कर होता है, जिससे प्रशंसक अपने पसंदीदा सेलिब्रिटीज से और भी ज़्यादा प्रेरित हो जाते हैं। एक्ट्रेस रिताभरी चक्रवर्ती के साथ भी ऐसा ही है, जो निकिता गांधी और संबित के सहयोग से अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो 'टाइम बेबी' के लिए रॉकस्टार का रूप अपनाया। जिसने प्रशंसकों और आलोचकों को समान रूप से आकर्षित किया।

एक्ट्रेस रिताभरी का अविश्वसनीय परिवर्तन न केवल उनकी उपस्थिति में बदलाव को दर्शाता है बल्कि उनके रॉकस्टार व्यक्तित्व का पूर्ण अवतार भी दिखाता है। अपनी स्टेज प्रेजेंस से लेकर अपनी अभिव्यक्ति तक, रिताभरी ने अपने किरदार को जीवंत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। रिताभरी और उनके को-स्टार, चिंतन रच्छ के बीच की शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जो इस गाने में आकर्षण की एक परत जोड़ता है।

यह एक कलाकार के रूप में उनके बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है, जो साबित करता है कि वह अपने किरदारों के साथ एक शैली से दूसरी शैली में सहजता से बदलाव कर सकती हैं। फैंस इस म्यूजिक वीडियो के दीवाने हो रहे हैं। इसके अलावा, चक्रवर्ती ने हाल ही में नंदिनी नामक अपना दूसरा प्रोजेक्ट भी पूरा किया है। इस सीरीज में उनका किरदार नंदिनी, सायंतनी पुतातुंडा की किताब से लिया गया है।

# कैमरे में कैप्चर हुआ जाह्नवी कपूर का किलर अवतार, हॉटनेस देख यूजर्स रह गए दंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ सिजलिंग और हॉट फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपनी लेटेस्ट पोस्ट से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्लू कलर की डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने जमीन पर बैठकर बेहद ही हॉट पोज देते हुए फोटोशूट करवाया है। बता दें कि जाह्नवी कपूर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक पोस्ट पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया लवर हैं और एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने डैशिंग अंदाज से फैंस को हैरान कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ट्रेंड करता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है - पांडेय

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद (राजनांदगाँव) संतोष पांडेय ने कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इसी के समानांतर महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक को प्रस्तुत करना और संसद में पारित कराना दृढ़निश्चयी, संकल्पवान नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। श्री पांडेय गुरुवार की देर रात लोकसभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता व महिला आरक्षण पर अपने विचार रख रहे थे। भाजपा सांसद श्री पांडेय ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का जो डंका बज रहा है, वह पूरी दुनिया देख रही है, सुन रही है, अनुभव कर रही है। हँसी-मजाक में पहले कहा करते थे कि अगर इस देश की चले, तो लोग कटोरा लेकर चंद्रमा पर भी चले जाएँ। यह मजाक की बात हुआ करती थी, पर उस समय स्थिति ऐसी थी, सरकारें ऐसी थीं। हम सब उन स्थितियों से अवगत हैं। इस देश को सपेरों का देश, लकड़हारों का देश तक कहा गया। श्री पांडेय ने कहा कि आज जो इस देश ने अपनी उच्च स्थिति को अर्जित किया है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। आज हमने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत को क्यों भविष्य की महाशक्ति कहा जा रहा है? महाशक्ति बनने की ओर भारत जा रहा है। चंद्रयान-3 मिशन को भारत ने जिस अंदाज में पूरा किया, उसने दुनिया के विकसित राष्ट्रों की आँखें खोलकर रख दी हैं। भाजपा सांसद श्री पांडेय ने महिला आरक्षण संबंधी नारी शक्ति वंदन विधेयक पर कहा कि आज विपक्ष लाख सिर पटके, चंद्रयान-3 मिशन की अवधारणा के समानांतर जिस प्रकार नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में प्रस्तुत किया और हम सबने मिलकर उसे पारित किया, यह वास्तव में निस्संदेह जब दृढ़निश्चयी, संकल्पवान नेतृत्व होता है, तब उसका श्रेय भी राष्ट्रनायक को जाता है।

### छत्तीसगढ़ में हुई बच की खेती की शुरूआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में किसानों द्वारा बच की खेती की शुरूआत हो गई है, जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वनमंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की पहल से संभव हुई है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 108 एकड़ में प्रायोगिक तौर पर बच की खेती की जा रही है, जिससे प्रति एकड़ 80 हजार रूपए से 1.00 लाख रूपए तक आय की प्राप्ति किसानों को होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि बच उत्पादन से धान की अपेक्षा किसानों की आय में कई गुना वृद्धि की संभावना है। इस तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड जे. ए. सी. एस. राव ने जानकारी दी कि बच एक औषधीय पौधा है, बेंगलोर के टूंकूर गांव के किसानों ने इसकी खेती में आने वाले समस्याओं के कारण इसका कृषिकरण कम कर दी है तो छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर बसे पेण्ड्रा जिले के गांव तथा खटोला, अनवरपुर, तुपकबोरा, मुरली और तेन्दुपारा के किसानों बच की खेती की विधि सीख ली है। इन्हें बोर्ड द्वारा निःशुल्क औषधीय पौधे एवं मार्गदर्शन मिला है। इधर महासमुंद जिले के बागबाहरा, तेन्दुकोना क्षेत्र के ओमकारबंध के किसानों ने भी बच के कृषिकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब तक लगभग छत्तीसगढ़ के 108 एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में बच की खेती की जा रही हैं। किसानों द्वारा सकारात्मक रूप से बच को अपनाया जा रहा है, क्योंकि बहुत ही कम लागत में बच की खेती से अधिक लाभ की संभावना है। बच की खेती के लिए बैंगलोर का एक गांव टूंकूर देश में प्रथम स्थान पर था।

# सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही हो: अमिताभ जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सहित प्रभावी कार्ययोजना के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में ब्लैक स्पॉट एवं सड़कों के मुख्य मार्ग में जंक्शन में सुधार कार्य, स्ट्रीट लाइटिंग संकेतक, ट्राफिक कॉमिंग के उपाय सहित सड़कों पर अतिक्रमण नहीं होने के संबंध में व्यापक चर्चा हुई।

मुख्य सचिव ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों के तहत सड़कों में जंक्शन सुधार संबंधित उपायों पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सड़क सुरक्षा कार्ययोजना, जन-जागरूकता कार्यक्रम, यातायात शिक्षा सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीजीपी श्री अशोक जुनेजा विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिए सड़कों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्यों को तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए। इसी तरह से उन्होंने ओव्हर लोडिंग वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही करने सड़कों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं संकेतक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को सड़कों पर वाहन चालकों के लिए साइनबोर्ड लगाने, सड़कों, फुटपाथ तथा पार्किंग स्थलों के अतिक्रमण हटाने, सड़कों पर आवारा पशुओं को हटाने, तथा सड़कों में सड़क सुरक्षा उपायों की व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा परिदृश्य के संबंध में अंतर्विभागीय लीड ऐजेंसी के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिए इस वर्ष माह जनवरी से अगस्त 2023 तक 3,18,169 प्रकरणों में चालानी कार्यवाही कर 13 करोड़ 52 लाख 78 हजार 950 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन विभाग द्वारा इस वर्ष माह जनवरी से अगस्त तक 5,71,425 प्रकरणों में चालानी कार्यवाही कर करीब 108 करोड़ 98 लाख 55 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किए गए। लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा द्वारा लगातार पहल के फलस्वरूप कक्षा पहली से दसवीं तक छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा यातायात के विषय पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए गए हैं।

इस वर्ष चिन्हित 118 ब्लैक स्पॉटस में से 84 में सुधार कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 68 प्रक्रियाधीन, 3972 में से 2100 जक्शंन में सुधार कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, 1872 प्रक्रियाधीन। 09 ट्रक ले बाय पूर्ण, 21 प्रगति पर तथा 241 बस ले बाय पूर्ण, 179 प्रगति पर, 02 रेस्ट एरिया पूर्ण, 04 प्रगति पर हैं। सड़क दुर्घटना के कारणों के विश्लेषण के लिए इटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटा बेस के क्रियान्वयन के लिए पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माह जुलाई, 2021 से 31 जुलाई 2023 तक की स्थिति में कुल 6443 प्रशिक्षण सत्रों में कुल 25,925 अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया गया। ड्रायविंग एण्ड ट्राफिक रिसर्च प्रशिक्षण संस्थान में 9 दिसंबर 2021 से अगस्त 2023 तक कुल 626 यातायात पुलिस कर्मियों, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सहित 15,977 अन्य व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हुए। इसी तरह से सड़क सुरक्षा के संबंध में करीब 6098 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें लगभग 80 लाख 83 हजार 738 लोग लाभान्वित हुए है।

राज्य के आठ जिलों में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा, रायगढ़ और राजनांदगांव में आटोमेटिक फिटनेस सेंटर की स्थापना करने की कार्यवाही की जा रही है।

# संगोष्ठी से राज्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मिलेगी एक नई दिशा : मंत्री अमरजीत भगत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज यहां महंत घासीदास संग्रहालय के सभागार में पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के क्षेत्र में नवीनत शोध (मध्य भारत के विशेष संदर्भ में) विषय पर आयोजित तीन दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी शुभारंभ किया।**

मंत्री श्री भगत ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि संगोष्ठी में दिल्ली, कोलकाता सहित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के शोध अध्येता शामिल हुए है। मुझे आशा है कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय के क्षेत्र में हुए नवीन अध्ययन, खोज, अभिलेखीकरण और तकनीक प्रयोग को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से संगोष्ठी में जो सार्थक विमर्श होगा। इससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को एक नई दिशा मिलेगी।

संस्कृति मंत्री ने कहा कि मध्य भारत में बसे छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहरों का भारत में महत्वपूर्ण स्थान है। सुदूर अतीत में दक्षिण कोसल, दंडकारण्य, रतनपुर राज, महाकोसल आदि नामों से ज्ञात इस राज्य का इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है। यहाँ के लोगों ने अपनी विशिष्ट संस्कृति और जीवन शैली विकसित की है। यहाँ पहले राज्य शासन द्वारा 58 स्मारक संरक्षित किए गए थे। इस वर्ष हमने सरगुजा जिले के महेशपुर स्थित 04 स्मारकों को भी संरक्षण में ले लिया है। अब राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में फैली पुरासंपदा का सर्वेक्षण, पहचान, छायांकन, संकलन, संरक्षण, प्रदर्शन, उत्खनन और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिला पुरातत्वीय संघ संग्रहालयों का उन्नयन, संग्रहालयों में सुरुचिपूर्ण प्रदर्शन, महत्वपूर्ण शिल्पाकृतियों की प्रतिकृति का निर्माण, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय पर केंद्रित प्रदर्शनियों और शोध-संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

# हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कार्यशाला का हुआ संपन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर( पीआईबी )।** नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति के तत्वाधान में राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर में संयुक्त हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरों, एम एस टी सी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान इस छह कार्यालय के कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता निधीष वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक ने की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में निकेश कुमार पांडे, सचिव, नराकास और गोपाल प्रसाद, सहायक निदेशक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान थे। अर्पित तिवारी, नेहरू युवा केंद्र ने बताया की, वर्ष में दो बार केंद्रीय शासित कार्यालयों में यह कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ साथ व्यावहारिक व प्रशासनिक हिंदी के पहलु से विभागों व उनके कर्मचारियों को अवगत कराया जा सके। इसके अतिरिक्त राजभाषा अधिनियम से भी अधिकारीयों को परिचय कराया गया।

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को कबीरधाम जिले में दिया जा रहा नया विस्तार

# कुपोषण को दूर करने में मददगार बन रहा 'पुट बारो-सेरी बाढ़न'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुपोषण की समस्या को खत्म करने का संकल्प लिया और इसके लिए 2 अक्टूबर 2019 को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत की। आज यह अभियान पूरे छत्तीसगढ़ में संचालित है, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती माताओं, शिशुवती माताएं और 6 वर्ष आयु उम्र तक के बच्चों के लिए गरम और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।**



दूसरी ओर सुदूर अंचलों में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पारम्परिक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में कबीरधाम जिले में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए अभिनव पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश और मार्गदर्शन में कबीरधाम जिला में 11 अप्रैल 2023 से 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को नया विस्तार दिया जा रहा है। अपनी तरह के अद्वितीय कार्यक्रम 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' को कबीरधाम जिला में कुपोषण और एनीमिया मुक्त भविष्य की दिशा में एक आदर्श पहल के रूप में देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़ों में महिलाओं एवं बच्चों के कुपोषण और एनीमिया की दर को देखते हुए कबीरधाम जिला को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने की अभियान की शुरुआत की गई। सर्वेक्षण के परिणाम में 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चे कुपोषण से पीड़ित थे। इनमें ज्यादातर मामले जिले के सुदूर अंचलों के थे। 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' खासतौर से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित मजरा-टोला और पारा के लिए है, जहां बसाहटें तो हैं और हितग्राही समुदाय भी लेकिन आंगनबाड़ी या मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के लिए आवश्यक जनसंख्या के मापदंड को पूरा नहीं कर पाने के कारण इन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं खोला जा सका है। ऐसे में लक्षित समूह तक पहुंचना और उन्हें पोषण आहार कार्यक्रम से जोड़ने की चुनौती के बीच 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' एक नई राह बनी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लक्षित समूह के लिए गरम पौष्टिक भोजन और घर ले जाने वाले राशन तक नियमित पहुंच सुनिश्चित करके कुपोषण से मुकाबला करना और कमजोर आबादी की भलाई को बढ़ाना है। बीते 11 अप्रैल से शुरू हुए कार्यक्रम 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' के सकारात्मक परिणाम बहुत कम समय में ही देखने को मिल रहे हैं। कबीरधाम जिले में बैगा आदिवासी समुदाय की बसाहट है। जिले के सुदूर अंचलों में छोटे-छोटे समूह में बैगा आदिवासी समूह के लोग पारा-टोला के रूप में निवास कर रहे हैं। ऐसे में उन्हीं के बीच की बोली को जिलास्तरीय अभियान के लिए चुना गया। 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' का भावार्थ' स्वस्थ जच्चा, सुपोषित बच्चे' होता है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के विस्तार की कड़ी में शुरू किए गए 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में परियोजना को चार हिस्सों में बांटकर जिला के 63 पारा-टोला व मजरों में विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

# तीन दिवसीय चक्रधर समारोह का समापन : रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** चक्रधर समारोह के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ सहित शहर के स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस बार का चक्रधर समारोह खास रहा। तीन दिन के आयोजन में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति दी। स्थानीय प्रतिभाओं, बाल कलाकारों के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोर चुके कला दिग्गजों ने समारोह में शिरकत की।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 60 कलाकारों के दल के अलग-अलग विधाओं में प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें वादन, छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार पर छात्र-छात्राओं ने खूबसूरत नृत्य के माध्यम से दर्शकों को सराबोर कर दी। नृत्य में संपूर्ण छत्तीसगढ़ की झलक दर्शकों को देखने की मिली। इसी प्रकार कार्यक्रम का विशेष केंद्र रहा श्लोक में रामश् जिसमें छत्तीसगढ़ के लोक गीतों एवं नृत्यों में श्रीराम को किन-किन रूपों में पूजे जाते है, उसे लोक संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने लोक में राम की राम के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय पद्मश्री ममता चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिसमें मोनिका साहू, भारती जंघेल, कविता कुंभकार, झरना देवहारी, निशा ठाकुर, लक्ष्मी सिन्हा, प्रमोद साहू, राजू यादव, चंद्र प्रकाश साहू, तारन निषाद, रिंकू वर्मा, जीनू राम वर्मा, इसी प्रकार संगत का आदमी में डॉ.बिहारी ताराम ने बांसुरी में, हारमोनियम में डॉ.नत्थू तोड़े, तबला में जानेश्वर टांडिया, ढोलक में आशीष कुमार यादव, आर्गन में लक्ष्मीकांत साहू, मांदर में वेद प्रकाश रावते तथा बैंजो में नोहर साहू रहे। संयोजन एवं निर्देशन डॉ.योगेंद्र चौबे ने किया था।

रायगढ़ घराना की सुश्री तब्बू परबीन की ग्रुप ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसमें नन्ही बच्चियों नृत्य में दर्शकों के बीच विशेष केंद्र में रही और दर्शकों को बांधे रखा। सुश्री आशना दिल्लीवार के कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को ताली बजाने से अपने आप को रोक नहीं पाए। श्री इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ ने छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन से समारोह के मंच में झूमने को मजबूर कर दिया। सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य तो डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन से दर्शकों को बंधे रखा।

युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा इप्टा नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। अन्विका विश्वकर्मा में शिवतांडव एवं कृष्ण लीला पर तबले थाप और संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। चक्रधर समारोह में श्री अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति ने मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ सरस्वती श्लोक, जति-स्वरम तथा देवी कीरतनम में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति दी। अनिल तांडी ने भरतनाट्यम की पारंपरिक शिक्षा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से ली है।

मनोज तिवारी ने जस जागरण लोक संस्कृति रायगढ़ ने श्री राम जी की सेना, राम जी की सेना चली..हर हर महादेव का जोश पूर्ण प्रस्तुति दी। सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा अपने मनमोहक कथक नृत्य से दर्शकों को बांधे रखा। 10 वर्ष की सुश्री पर्ल मोटवानी ने राग जैजैवंती में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल एवं तराना में जप रसना, हरि नाम सुमरले, अब लौ ना आए मोरे सांवरिया की शानदार शास्त्रीय गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबला संगत में गुरु श्री उग्रसेन पटेल रहे।

### आयुष्मान भवः का किया गया शुभारंभ

**सूरजपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता के लिए आयुष्मान भवः अभियान की योजना तैयार की गई है। आयुष्मान भवः 04 घटकों वाला एक व्यापक अभियान है। आयुष्मान आपके द्वार अभियान 3.0 अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु छूटे हुए सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किया जायेगा। आयुष्मान भवः कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विगत दिवस किया गया। वहीं राज्य एवं जिला स्तर पर भी उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कर शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में आयुष्मान भवः अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम जिला चिकित्सालय सूरजपुर में संपन्न हुआ। शुभारम्भ कार्यक्रम में सर्वप्रथम महामहिम राष्ट्रपति के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### आबकारी विभाग ने 2 प्रकरणों में 250 लीटर अवैध शराब किया जब्त

**गरियाबंद ( ए )।** आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 250 लीटर शराब जप्त किया है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम निष्ठीगुड़ा निवासी पिताम्बर से ओड़िसा प्रांत से एक मोटरसाईकिल में 1 जूट बोरी के अंदर 250 पाउच ट्रिपल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब परिवहन करते हुए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी प्रकार वृत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम सुरूंगपानी बांजीपानी उड़िसा मार्ग में जंगल में तालाशी लिये जाने पर एक बोरी में जेब्रा छाप पाउच एवं 4 जरिकेन में भरी हुए 140 बल्क लीटर कुल मात्रा 180 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत की कच्ची शराब बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों प्रकरणों में बोरी के अंदर ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 110 बल्क लीटर व 4 नग 35-35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई कुल 140 बल्क लीटर कुल महायोग 250 बल्क लीटर ओड़िसा प्रांत निर्मित देशी कच्ची शराब बरामद की गई। दोनों प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर महिला से युवक ने की मारपीट

**बिलासपुर ( ए )।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर महिला से आरोपी युवक ने मारपीट की। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। तिफरा के पुराना मन्ना डोल निवासी शिवानी ठाकुर पिता स्वरूप सिंह ठाकुर (33) गृहणी है। उनके घर के सामने मोहल्ले वाले गणेश भगवान की प्रतिमा बिठाए हैं। पूरे मोहल्ले वाले यहां पूजा पाठ करते हैं। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर में सिलाई कर रही थी। उसी समय घर के सामने विनोद साहू जोर जोर से गणेश समिति वालों को गाली दे रहा था। घर से बाहर निकल कर मना की तो विनोद उन्हें भी गालियां देने लगा और हाथ मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। उसने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से चोंट लगी है। मोहल्ले के कालेश्वर ठाकुर व गंगेश्वर ठाकुर ने बीच बचाव किए। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### प्रॉपर्टी डीलर की खड़ी कार को स्कार्पियो ने मारी टक्कर

**बिलासपुर ( ए )।** प्रॉपर्टी डीलर की खड़ी कार को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी गाड़ी के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना सिविल लाइन क्षेत्र की है। वसुंधरा नगर पल्लव भवन के सामने रहने वाले राजेश पात्रे (33) प्रॉपर्टी डिलिंग करते हैं। राजेन्द्र नगर चौक के पहले मोबाइल शॉप के सामने अपने कार सीजी 10बीपी 8333 को खड़ी कर ड्राइवर सीट पर बैठे थे। इसी बीच करीब 9.05 बजे एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक सीजी12एएम 4283 का चालक लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी।

### आत्मानंद स्कूल में शिक्षक ने छात्र को पीटा: थाने पहुंचे परिजनों ने की शिकायत

**बालोद ( ए )।** छत्तीसगढ़ के बालोद शहर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक सागर यादव के खिलाफ कक्षा नौ में पढ़ने वाले छात्र निशांत सोनवानी के माता-पिता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बिना कारण उनके बेटे के साथ वहां के शिक्षक द्वारा दुर्व्यवहार और मारपीट किया गया है जिससे उसके अंदरुनी कान, नाक, गाल में काफी दर्द है और आंखें भी अंदर धंस गई हैं। वहीं पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल साव ने भी संज्ञान में लेने की बात कही और पूरी जांच के बाद किसी निर्णय पर पहुंचने की बात उन्होंने कही है। छात्र की मां नीतू सोनवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमेशा उनके बच्चे को परेशान किया जाता है।

### रायपुर में 2 गुटों के बीच मारपीट

# सरिया लेकर पहुंचे करीब 50 युवक, महिलाएं बोलीं- घर में घुस रहे, बच्चे अकेले हैं

**रायपुर (ए)।** रायपुर में शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच बढ़ा विवाद बलवे में तब्दील हो गया। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दो पक्षों के करीब 50 लोग लाठी, फावड़ा और सरिया लेकर दौड़ते दिख रहे हैं। मारपीट के बाद मोहल्ले की महिलाएं बड़ी संख्या में देर रात कोतवाली पहुंचीं।



पूरा मामला टिकरापारा और कोतवाली थाने के बीच के दो मोहल्लों का है। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे पुजारी नगर की महिलाएं नवाखाई त्यौहार मनाकर पड़ोस के ढीमर मोहल्ले में गणेश पंडाल पहुंची थीं। महिलाएं वहां पूजा पाठ करने लगीं। इसी दौरान भीड़ में से कुछ लोग गाली-गलौज करने लगे। महिलाओं ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो बात बढ़ गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। हालांकि मारपीट में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

#### वो लोग चाकू लेकर घूम रहे हैं

घटना के बाद देर रात इलाके की महिलाएं बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचीं। ढीमर पारा की छाया धीवर का कहना है कि पड़ोस के मोहल्ले के कुछ लोग चाकू लेकर घूम रहे हैं। पता नहीं कब क्या हो जाए। महिलाओं ने अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

#### उनसे लड़ें या खुद की जान बचाएं

थाने में शिकायत करने आए लोगों में से एक यशवंत यादव ने कहा कि हमें फोन आ रहा है कि बस्ती में कई लोग हथियारों के साथ मौजूद हैं। वो घरों का दरवाजा पीट रहे हैं। अब हम उनसे जाकर लड़ें या खुद की जान बचाएं।

#### कोतवाली और टिकरापारा थाने में शिकायत

ये पूरा इलाका दो थानों के तहत आता है। जिनमें से भाठागांव बस स्टैंड जाने वाली सड़क के इस पार कोतवाली थाने का इलाका है। तो वहीं दूसरा मोहल्ला टिकरापारा थाने का है। जिसके चलते पीड़ित शिकायत करने थाने पहुंचे थे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रायपुर में आपसी विवाद के बाद जमकर मारपीट, एक गिरफ्तार



**रायपुर ( ए )।** रायपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में बाप-बेटे ने एक युवक को चाकू मार दिया। बाप ने युवक को जमीन पर पटक कर गर्दन दबोची तो बेटे ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। किसी तरह से वह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

पूरा मामला कालीबाड़ी के पास नेहरू नगर का है। वहां रहने वाले हरीश तांडी ने पुलिस को बताया कि वो अपने घर के पास स्थित सैलून के बाहर खड़ा था। तभी स्थानीय निवासी बंठा पहुंचा और दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई। आरोप है कि तभी बंठा ने उसे जमीन पर धकेल दिया। फिर उसकी गर्दन दबोच ली। इसी बीच स्कूटी में पहुंचे बेटे ने चाकू से हमला कर दिया।

इस घटना के दौरान वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कोतवाली पुलिस में एक आरोपी बंठा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

# तमिलनाडु गए मजदूर की हत्या: शव पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कांसाबेल-बगीचा मेन रोड पर किया चक्काजाम

**जशपुर ( ए )।** जशपुर जिले में कांसाबेल-बगीचा मार्ग पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। काम के लिए तमिलनाडु गए मजदूर की मौत के बाद जैसे ही उसका शव ग्राम बटईकेला पहुंचा, वैसे ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मामला कांसाबेल थाना क्षेत्र का है।

ग्रामीणों का आरोप है कि तमिलनाडु में मजदूर की मौत नहीं, बल्कि उसकी हत्या हुई है। इस मामले में गांववाले FIR दर्ज कर जांच करने की मांग कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी जब लोगों को दी, तब जाकर उन्होंने चक्काजाम खत्म किया।



जानकारी के मुताबिक, कांसाबेल थाना क्षेत्र के ग्राम बटईकेला निवासी कृष्णा पैंकरा (29) मजदूरी की तलाश में तमिलनाडु गया हुआ था। उसकी मौत संदिग्ध हालत में तमिलनाडु में हो गई। उसकी लाश एंबुलेंस से शुक्रवार को उसके गांव पहुंची। इसके बाद मृतक के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि कृष्णा की हत्या की गई है।

परिजनों के साथ भारी संख्या में ग्रामीण कांसाबेल-बगीचा मुख्य मार्ग पर पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। इससे दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और लोग परेशान होते रहे। इधर जैसे ही जाम की सूचना पुलिस को मिली, वो मौके पर पहुंची। कुनकुरी एसडीओपी संदीप मित्तल ने परिजनों को बताया कि इस मामले में 2 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में पहले से ही FIR दर्ज है।

इसके बाद गांववालों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। धीरे-धीरे जाम में फंसी गाड़ियों को निकाला गया। एसडीओपी संदीप मित्तल ने बताया कि कृष्णा पैकरा तमिलनाडु के मदुरई में काम करने गया था। वहां कुछ लोगों ने उसकी हत्या कर दी थी।

#### मदुरई में हुई थी युवक की हत्या

इसके बाद मदुरई के रेड्डीपट्टी थाने में धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया और 2 लोगों की गिरफ्तारी भी की गई। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बटाईकेला गांव भेजा गया। हालांकि इस बात की जानकारी परिजनों को नहीं थी।

### ठेकेदार पर ठेकेदार ने की फायरिंग

# सरकारी कार्यालय में पहले पीटा, फिर पिस्टल से चलाई गोली, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर ( ए )।** जशपुर के ग्रामीण यात्रिकी विभाग में आपसी विवाद को लेकर लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करने वाले आरोपी ठेकेदार को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल सहित 5 जिंदा कारतूस और 1 खाली खोखा सहित आरोपी की कार को जब्त किया है।



जानकारी के मुताबिक जिले के दुल्दुला थाना क्षेत्र के पतरा टोली निवासी रवीन्द्र गुप्ता और शहर के बिरसामुंडा चौक के निवासी चंदन गुप्ता के बीच गुरुवार की शाम ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में आपसी लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था।

#### दोनों ठेकेदार आपस में भिड़ गए

बताया जा रहा है कि ठेकेदार और जशपुर के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में आमना सामना हो गया। इस दौरान दोनों ठेकेदार आपस में भिड़ गए। आरोपी ठेकेदार रविंद्र गुप्ता ने कार से पिस्तौल निकाल कर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने ठेकेदार रविंद्र गुप्ता और उसके वाहन चालक को हिरासत में ले लिया था।

मामले में थाना प्रभारी रवि रवि शंकर तिवारी ने बताया कि चंदन गुप्ता कल शाम किसी कार्य से आर.ई.एस. ऑफिस गया था। ऑफिस में काम होने के बाद वहां रविन्द्र गुप्ता मिला, जिससे इसका पहले से रुपयों का लेन-देन था।

#### हत्या की नीयत से की फायरिंग

चंदन गुप्ता ने रविंद्र गुप्ता से पैसे मांगा, जिससे वह भड़क गया। वहां मारपीट करने लगा। रविन्द्र गुप्ता ने पिस्टल से हत्या करने की नीयत से चंदन गुप्ता पर फायरिंग कर दी थी।

# ट्रक सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान लेकर हो गए गायब

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर से दिल्ली सामान शिफ्ट कराना डॉक्टर को महंगा पड़ गया। उन्होंने इसके लिए जिस मूवर एंड पैकर को बुक किया था वह उसका करीब 5 लाख रुपये का सामान लेकर गायब हो गया। लिंगियाडीह निवासी इन्द्र कुमार पोर्ते पिता कन्हैया सिंह (27) ईडन कोर्ट सोसाइटी का मैनेजर है।

वह डॉ. उमेश शर्मा व उनके बेटे डॉ. मृणाल शर्मा के यहां भी पार्ट टाइम काम करता है। डॉ. मृणाल का स्थानांतरण दिल्ली होने के कारण उन्होंने घरेलू सामान दिल्ली भेजने के लिए मूवर्स एवं पैकर्स से संपर्क करने के लिए कहा। ऑनलाइन सर्च किया और आरकेसी मूवर्स एवं पैकर्स के दिए नंबर में संपर्क किया। उसका ऑफिस हैदराबाद में था। फोन रिसीव करने वाले ने अपना नाम राजकुमार बताया और मोबाइल नंबर दिया। उसने पवन नाम के युवक को उसके पास भेजा। वह सामान देखकर गया और 11 सितंबर को बुकिंग करने को कहा। 44 हजार 500 में पूरा सामान दिल्ली तक पहुंचाने की बात कही। 11 सितंबर को तीन युवक आए। इनमें दो ने नाम अनंत राम व पवन बताया। उन्होंने सामान पैक कर गाड़ी सीजी 04 पीएफ 9409 में सामान दिल्ली ले जाने के लिए लोड किया था।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा**

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 6017 /NIT-27/2023-2024/ व ले लि  दिनांक : 20/09/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 29/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 03/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 04/10/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो की प्रथम आमंत्रण में निविदा आमंत्रित की जाती है

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 27 T0189 | ग्राम पंचायत कन्हेरा के मुख्य मार्ग से आयुर्वेदिक औषधालय केन्द्र तक सी.सी. पहुंच मार्ग | 20.00 15000.00 |
| 27 T0190 | ग्राम पंचायत खुरूसबोड़ (आर.) में टोपू वर्मा के घर से प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग | 20.00 15000.00 |
| 27 T0191 | ग्राम पंचायत कन्हेरा में सेवा सहकारी समिति के किसान कुटीर भवन तक पहुंच मार्ग | 19.98 15000.00 |
| 27 T0192 | ग्राम पंचायत अगरी में मेन रोड से प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग | 19.99 15000.00 |
| 27 T0193 | ग्राम पंचायत कन्हेरा में दल्लू यादव के घर से ग्राम पंचायत भवन पहुंच मार्ग | 19.98 15000.00 |
| 27 T0194 | ग्राम पंचायत कन्हेरा के मुख्य मार्ग से धानफड़ क्र.02 तक पहुंच मार्ग लं.351 मीटर | 19.78 15000.00 |
| 27 T0195 | ग्राम पंचायत कन्हेरा के मुख्यमार्ग से उपस्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंच मार्ग लं.370 मीटर | 19.79 15000.00 |
| 27 T0196 | ग्राम पंचायत कन्हेरा के मुख्य मार्ग से पशु औषधालय पहुंच मार्ग | 19.88 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तो का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-05580/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग, बेमेतरा



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा**

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 6022 /NIT-29/2023-2024/ व ले लि  दिनांक : 20/09/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 29/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 03/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 04/10/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 29 T0199 | नवागढ़ उपसंभाग के दाढ़ी सेक्शन के विभिन्न मुख्य जिला मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0200 | नवागढ़ उपसंभाग के दाढ़ी सेक्शन के विभिन्न ग्रामीण मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0201 | चंदखुरी मारो संबलपुर नवागढ़ दाढ़ी मार्ग के किमी 1 से 30 तक WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0202 | चंदखुरी मारो संबलपुर नवागढ़ दाढ़ी मार्ग के किमी 31 से 68 तक WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0203 | नवागढ़ उपसंभाग के संबलपुर सेक्शन के विभिन्न मुख्य जिला मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0204 | नवागढ़ उपसंभाग के संबलपुर सेक्शन के विभिन्न ग्रामीण मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0205 | सोंढ रेवे देवरबीजा अकोला खाती सौरी मार्ग के किमी 18 /8 से 25/4 = 6.70 किमी में WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 19.99 15000.00 |
| 29 T0206 | सोंढ रेवे देवरबीजा अकोला खाती सौरी मार्ग के किमी 25/4 से 31/10 = 6.70 किमी में WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 19.99 15000.00 |
| 29 T0207 | साजा उपसंभाग के बेरला सेक्शन के विभिन्न मार्गो के पुल पुलिया का साधारण मरम्मत कार्य | 10.00 7500.00 |
| 29 T0208 | साजा उपसंभाग के कारेसरा सेक्शन के विभिन्न मार्गो का साधारण मरम्मत का कार्य | 19.99 15000.00 |
| 29 T0209 | बेमेतरा उपसंभाग के मुख्यालय उपखण्ड क्र 01 के विभिन्न मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0210 | बेमेतरा उपसंभाग के मुख्यालय उपखण्ड क्र 02 के विभिन्न मार्गो का WMM एवं बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य | 20.00 15000.00 |
| 29 T0211 | जिला बेमेतरा के पिरदा से भिंभौरी मार्ग का शेष कार्य पार्ट 1 | 19.97 15000.00 |
| 29 T0212 | जिला बेमेतरा के पिरदा से भिंभौरी मार्ग का शेष कार्य पार्ट 2 | 19.98 15000.00 |
| 29 T0213 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य | 10.00 7500.00 |
| 29 T0214 | बेमेतरा में सर्किट हाउस भवन का साधारण मरम्मत का कार्य | 20.00 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तो का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-05622/6

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग, बेमेतरा



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243




भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### 7 विकास कार्यों के लिए 10 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक ताम्रध्वज साहू की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) अंतर्गत 07 निर्माण कार्यो के लिए 10 लाख 99 हजार 670 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम बोरई खेल मैदान में खिलाड़ियों के लिए चेजिंग रूम निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम धनोरा में कर्मा मोहल्ला शासकीय सामुदायिक भवन में आहता निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम खम्हरिया सार्वजनिक सांस्कृतिक मंच के सामने बाजार चौक में पेवर ब्लॉक कार्य हेतु 99 हजार 835 रुपए, ग्राम खम्हरिया कर्मा भवन के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन में चेकर टाईल्स कार्य हेतु 99 हजार 835 रुपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम उमरपोटी न्यू नेहरू नगर शासकीय सामुदायिक भवन में कबीर सत्संग एवं जनकल्याण समिति के पास आहता निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए, ग्राम तिरगा में यादव पारा चबूतरा पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन में छत निर्माण कार्य हेतु 50 हजार रुपए एवं ग्राम कोकड़ी में गोवर्धन पूजा स्थल धनीराम ठाकुर घर के पास सार्वजनिक मंच निर्माण हेतु 50 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

### संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**भिलाई।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन जामुल द्वारा 24 सितंबर रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सामुदायिक भवन सी एस ई बी चौक जामुल में किया जा रहा है।शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। जिला चिकित्सालय दुर्ग की टीम रक्तदान शिविर में उपस्थित रहेगी। ब्रांच मुखी श्री पंचराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विशाल रक्तदान शिविर पहली बार जामुल में आयोजित किया जा रहा है। जामुल के युवा भाई व बहने रक्तदान के लिये ततपर है। सेवादल संचालक डॉ एस एल वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शिविर के पूर्व लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने नुक्कड़ नाटक व जनजागरण अभियान लगतार जामुल के आसपास क्षेत्रो में जारी है। ब्रांच दुर्ग भिलाई के संयोजक सतपाल सैनी ने बताया कि जामुल में पहली बार होने जा रहा रक्तदान शिविर को लेकर युवा बेहद उत्साहित है।

### धमधा विकासखण्ड के लिए 09 कार्यो के लिए 23 लाख 99 हजार 716 रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विकासखण्ड धमधा के साजा विधानसभा के 09 कार्यो के लिए 23 लाख 99 हजार 716 रूपए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्री रविन्द्र चौबे द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सुखलीकला ग्राम पंचायत हिर्री साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख रूपए आदि है।

# बरसते बारिश में भीगते हुए विधायक ने की प्रगति यात्रा, लाखों के विकास कार्यों की दी सौंगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। बारी-बारी से पैदल-पैदल भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। जिसमें उनके साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में 22 सितंबर को सुबह विधायक देवेंद्र यादव ने बरसते बारिश में भीगते हुए पैदल पैदल प्रगति यात्रा निकाली।





इस यात्रा के दौरान पूरे समय बिना छाता के चलते रहे और बारिश में भीगते भीगते ही यात्रा को पूरा किया। लोगों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सूना उनका निदान किया और लोगों को लाखों के विकास कार्य की सौगात भी दी।

सुबह प्रगति यात्रा खुर्सीपा सुभाष नगर वार्ड 49 में निकाली गई। विधायक को देख कर सैकड़ों की संख्या में लोग उनके साथ जुड़ते गए और उनके साथ चलते गए। लोग भी कोई छाता लेकर तो कोई बारिश में विधायक के साथ भीगते हुए यात्रा में शामिल हुए। देखते ही देखते यात्रा में भीड़ बढ़ती गई है और पूरे सुभाष नगर की जनता विधायक के साथ ही चलने लगे। इस दौरान वार्ड के नागरिकों और महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत भी किए। किसी ने तिलक लगाकर स्वागत किया तो किसी ने पुष्प माला पहनाएं। अपने घर में विधायक को देख कर लोग काफी खुश हुए। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बड़े बुजुर्गों और माताओं का चरण छू कर प्रणाम किए और आशीर्वाद लिए। इस पूरे यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों के साथ बैठक चाय भी पीए और शहर के विकास को लेकर चर्चा भी किए।

### विघ्नहर्ता को प्रमाण कर भिलाईवासियों की खुशहाली की मनोकामना की

भिलाई नगर विधायक प्रगति यात्रा के दौरान वार्ड में विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित गणेश पंडालों में पहुंचे। वहां गणेश जी की पूर्जा अर्चना की। उन्हें प्रणाम किए और भिलाई की जनता की खुश-शांति, समृद्धि की खुशहाली की मनोकामनाएं की।

### वाटर एटीएम का लोकार्पण

विधायक देवेंद्र यादव ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किए। ?3 लाख की लागत से वार्ड 49 में फैडस क्लब के समीप वाटर एटीएम लगाया गया है। जिसका लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 30 लाख की लागत से सुभाष चौक से होते हुए आंतरिक सड़कों डामरीकरण किया जाएगा। 4 लाख की लागत से गुजराती मंच के सामने ट्यूब्लर पोल गाया जाएगा। साढ़े 4 लाख की लागत से सड़क 3 में बोर खनन सह पाइपलाइन विस्तारीकरण किया जाएगा। 7 लाख से सड़क 5 एवं अन्य सड़कों में बोर खनन कर पाइप लाइन, 8 लाख की लागत से गणेश मंच निर्माण, 5 लाख की लागत से मछली मार्केट के प्रकाश व्यवस्?था, 2 लाख से त्रिकोणी गार्डन का संधारण किया जाएगा।

### वार्ड 56 में होगा विकास कार्य

10 लाख की लागत से वार्ड 56 दुर्गा मंच के समीप डोमशेड, 5 लाख की लागत से भिलाई स्कूल ग्राउंड मैदान में ओपन जिम एवं 15बी के समीप बैडमिंटन कोर्ट, 10 लाख की लागत से सेक्टर 2 सड़क 15 में डोमशेड,8 लाख से सेक्टर 2 ए मार्केट के समीप गुरू घासीदास उद्यान का सौंदर्यीकरण, 10 लाख से सेक्टर 2 सड़क एवेन्यु सी में नाली पुलिया निर्माण, 10 लाख की लागत से अयप्पा मंदिर के समीप शेड निर्माण भूमिपूजन किया जाएगा।

### वार्ड 55 में यह होंगे विकास कार्य

विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 55 के लोगों को भी केई विकास कार्यों की सौगात दी है। 5 लाख की लागत से वार्ड 55 में सेक्टर 2 में सड़क 2 में मंच एवं शेड निर्माण, 3 लाख की लागत से सेक्टर 2 सड़क 2 में गणेश मंच एवं शेड निर्माण, 8 लाख की लागत से सड़क 3 गार्डन सौंदर्यीकरण, 3 लाख की लागत से क्वार्टर 1 सी के सामने मिनी गार्डन विकास कार्य जिम सामग्री, 3 लाख से सड़क 3 में मिनी बैडमिंटनकोर्ट निर्माण, 10 लाख से विवेकानंद स्कूल के सामने सड़क 9 से 14 तक नाली पुलिया निर्माण, 10 लाख से एवेन्यु सी में बैडमिंटन कोर्ट और 3 लाख से सामुदायिक मंच निर्माण किया जाएगा।

### मंदिन भवन, शिव मंदिर में भूमिपूजन

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 48 में भी प्रगति यात्रा की। जहां विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों को बैडमिंटन कोर्ट की सौगात दिए और जनता के साथ नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किए। जीई रोड के पास श्री मंदिर में विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। पंप हाउस मैदान में मंदिर भवन, क्रांति मार्केट शिव मंदिर भूमिपूजन, लोधी मोहल्ला गणेश मंच का लोकार्पण किया गया। शिव शक्तिधाम में बोर खन्न का भी भूमिपूजन किया गया। इसके बाद दुर्गा मंदिर के सामने गणेश मंच, नाली एवं पुलिया निर्माण, पंप हाउस, पीडीएस भवन के पीछे सीमेंटीकरण का भूमिपूजन किया गया।

# शहर में डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 22 सितम्बर 2023 को कुल 02 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले, जिसमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र सेक्टर 5 से 01, हुडको से 01 का रहवासी है।



वर्तमान में 05 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्क्टिो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है।

डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 101461 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-142230 जिनमें से 47318 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 83680 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 104197 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जे.पी. मेश्राम के अनुसार जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोंगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगों से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जॉच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जॉच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच नि:शुल्क किया जा रहा है। जॉच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा।

# एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर, ईएमडी में आपदा प्रबंधन के लिए संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर, ईएमडी में नेशनल डिज़ास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), सीआईएसएफ एवं बीएसपी द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 22 सितम्बर, 2023 को आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बखूबी अंजाम देते हुए, योजनाबद्ध अभ्यास को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।



विदित हो कि प्रत्येक विभाग में आकस्मिक आपदा से निपटने हेतु कुछ प्रोटोकॉल बनाये गए हैं। इस प्रोटोकॉल के जांच हेतु समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है। साथ ही इस मॉक ड्रिल की गोपनीयता बनाये रखी जाती है, जिससे घटना होने पर, घटना की गंभीरता को प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाने वाली कार्यवाही को सही रूप में परखा जा सके और उस दौरान होने वाली गलतियों को सुधारा जा सके।

संयंत्र के एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर, ईएमडी में, मैकेनिकल ग्रुप गैस होल्डर कॉलम नंबर 2 और 3 के बीच वाल्व रिवीजन कार्य में लगा हुआ था। मैकेनिकल समूह के दो व्यक्ति QACV (क्विक एक्टिंग चेक वाल्व) के पास काम कर रहे थे और दो व्यक्ति आउटलेट लाइन के यू सील पिट के पास काम कर रहे थे। 22 सितंबर 2023 को सुबह 10.31 बजे संघनित जल निकासी गड्ढे की वाटर सील टूटने के कारण अचानक एलडी गैस का रिसाव होने लगा और वहां काम कर रहे 4 लोग, गैस विषाक्तता का शिकार हो गये और जमींन पर गिर गये।

इस दौरान एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर में एलडी गैस का रिसाव होते ही आपात स्थिति निर्मित हुई और सुबह 10:32 बजे घटनास्थल पर उपस्थित शिफ्ट प्रबंधक ने एनर्जी कंट्रोल सेंटर, वर्क इंसीडेंट कंट्रोलर के साथ मुख्य इंसीडेंट कंट्रोलर को घटना की जानकारी देने के बाद तत्काल सभी संबंधित एजेंसियों को सूचना दी और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गये। वर्क इंसीडेंट कंट्रोलर - महाप्रबंधक (ईएमडी) यू वी सुभद्रा ने सुबह 10:32 बजे आपातकाल की घोषणा करते हुए 'आपातकालीन सायरन' बजाया साथ ही एचओडी व मुख्य नियंत्रक राकेश जोशी मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) को सूचित किया। आपातकालीन स्थिति घोषित होने के तुरंत बाद, मुख्य नियंत्रक के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) राकेश जोशी ने तुरंत खुद को और अपनी टीम को विभिन्न एजेंसियों को आपातकाल स्थिति के बारे में सूचित करने और स्थिति को नियंत्रित करने में लगा दिया। एनर्जी कंट्रोल सेंटर द्वारा आपात स्थिति तथा लोगों के घायल होने की जानकारी तथा खतरे की घंटी बजते ही एनडीआरएफ के साथ शामिल बीएसपी की विभिन्न एजेंसियां सक्रिय हो गई। इस अभ्यास के दौरान बीएसपी के फायर ब्रिगेड, एमएमपी-1, सीआईएसएफ, प्लांट कंट्रोल, गैस सेफ्टी, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, सेफ्टी कंट्रोल, सिविल डिफेन्स, हेल्थ सर्विसेस विभाग, सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग तथा एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर के कार्मिकों व अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। सीआईएसएफ द्वारा एनडीआरएफ को इस घटना की सूचना दी गई।

एसएमएस-3 एलडी गैस होल्डर में, एलडी गैस का रिसाव होने पर नियंत्रण पाने हेतु फायर ब्रिगेड के वाहनों द्वारा लगातार स्प्रे करते हुए स्थिति पर काबू रखा गया। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ टीम, गैस सेफ्टी व फायर ब्रिगेड की टीम ने मिलकर अंदर फंसे घायलों को बाहर निकाला और समुचित प्रथमोपचार प्रदान कर उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल सुबह 10.50 बजे तक मुख्य मेडिकल पोस्ट पर भेज दिया गया।

### आचार्य संजय मुनि जी की धर्म सभा में भक्ति झूम उठे भक्त

# जिन शासन की जय जयकार के साथ 'महावीर तेरा नाम रहेगा' की गूंज

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। तपस्वियों का बहुमान वह पारणा बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ क्रांतिकारी राष्ट्रसंत अनेक पदो से सम्मानित आचार्य संजयमुनि जी मसा ने GLT संघ वह दुबई जैन संघ में जा कर अपने वाणी से लोगो को मंत्र मुग्ध किया आचार्य श्री ने GLT संघ में भगवान के दर्शन करके वहा उपस्तित तपस्वी को वास्केप डाल कर मांगलिक सुनाकर सुख साता पूछते हुए आशीर्वाद दिया।



राजूभाई जैन और राजूभाई कोठरी कार्यक्रम के संघ की तरफ से प्रभावना दे कर बहुमान किया गया और पाठन परिवार ने भी लाभ लिया। उसके पश्चात आचार्य श्री दुबई जैन संघ के कार्यक्रम में अपने प्रवचन वह तपस्या के बारेमे प्रकाश डाला और तपस्वी को वास्केप डाल कर मंगल आशीर्वाद दिया वह पर उपस्थित शिलाबिजी उनके साथ साध्वी भगवंत वह तेरापंत महाश्रमण जी के श्रमणिकाय वह जनक मुनि के शिष्य ने अपने शब्द वाणी से सबको मंगल आशीर्वाद दिया और तपस्वी को भी मंगल आशीर्वाद दिया दुबई संग ध्वारा भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। बड़े उल्लास के साथ में जिनशाशन की जैजै कार 'महावीर तेरा नाम रहेगा' के साथ हॉल में वातावरण धर्म और ठाठ से प्रसन्न भावना से लोग जूम उठे थे।

आचार्य श्री का एक ही लक्ष्य और संघ के साथ मिलकर शिखर मंदिर की स्थापना शीघ्र हुए धर्मेंद्र पद्मावती जाग्रत मंडल की और से असित भाई महेता, यशभाई, जिगरभाई, शुशिलभाई, राजेशभाई, अमितभाई, हरिशभाई, अतुलभाई, केतनभाई, बाबूभाई, परसभाई वह अन्य गुरुदेव के साथ में सेवाभक्ति का लाभ उठा रहे थे।,श्व संघ के अंदर ये ऐतिहासिक कार्यक्रम पहली बार देखने मिला। यह जानकारी मंडल की और से मिलीतपस्वियों का बहुमान वह पारणा बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ क्रांतिकारी राष्ट्रसंत अनेक पदो से सम्मानित आचार्य संजयमुनि जी मसा ने त्रस्न्न संघ वह दुबई जैन संघ में जा कर अपने वाणी से लोगो को मगनमुत किया आचार्य श्री ने त्रस्न्न संघ में भगवान के दर्शन करके वहा उपस्तित तपस्वी को वास्केप डाल कर मांगलिक सुनाकर सुख साता पूछते हुए आशीर्वाद दिया।

# प्रदेश महिला चेम्बर द्वारा महिला उद्यमियों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। किसी भी उद्योग की सफलता में उसके काम करने वाले सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रदेश कार्यकारी महिला चेम्बर अध्यक्ष गीता वर्मा के नेतृत्व में उद्यमियों महिलाओं को सम्मानित किया गया।




गीता वर्मा ने बताया कि महिला विंग द्वारा संचालित रुई बत्ती,झोला बनाना,सर्फ ,फिनाइल बनाना ,पोछा निर्माण,ट्रैक सूट,लोअर व टीशर्ट निर्माणआदि कई उद्योग में हमारी सभी बहनों का योगदान सराहनीय है। सभी महिलाओं ने अपने अपने कार्यो में निपुणता के साथ अच्छा कार्य कर रही है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज उनका सम्मान किया गया। पांच मंदिर रामनगर में समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें उद्यमी महिला एवं उनके 51 बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी के लिए प्रसाद और भोजन की व्यवस्था की गई । इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी महामंत्री रश्मि वर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, महिला चेम्बर भिलाई अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही,पूजा वर्मा, मंत्री शुभालक्ष्मी शेखरन, टीना सातपुते,प्रतिमा,राजेश्वरी, माधुरी परासर, रंजना ,सुनीता सिन्हा, दमयंती सोनी, रंजीता हेमलता, उमा,नर्मदा, सविता शर्मा, प्रीति बग्गा, गीता राघवन, पुष्पलता कर ,उर्वशी आदि सदस्य मौजूद थे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना रश्मि वर्मा ने दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950